सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹111346/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹135990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹148446/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
*Condition apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026



रियाद के लिए एयर इंडिया-इंडिगो की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। हूतियों संग जारी तनाव के बीच सऊदी अरब में सुरक्षा संकट का असर अब हवाई सेवाओं पर भी दिखाई देने लगा है, और इसका असर भारत तक पहुंच गया है। रियाद में सुरक्षा हालात को देखते हुए एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 10 अक्टूबर तक अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दिया जाएगा।



Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

रेप व मर्डर केस, पॉक्सो कोर्ट का फैसला

सजा सुनते ही कातिल की मुस्कान गायब

हवलदार की पत्नी-मासूम बेटी से दरिंदगी करने वाले

तीन दरिंदों को मृत्युदंड

एक को मरते तक जेल

प्रधान आरक्षक की पत्नी और 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद उनकी बेरहमी से हत्या करने के मामले में सूरजपुर की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। न्यायालय ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके और फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। चौथे आरोपी आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी को मरते दम तक कारावास की सजा दी गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सूरजपुर

मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर स्थित फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट में न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल के कोर्ट में हुई। 28 सितंबर को न्यायालय ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा पर फैसला सुरक्षित रखा था। गुरुवार को दोबारा सुनवाई के बाद न्यायालय ने तीन आरोपियों को फांसी और एक को मरते दम तक कारावास की सजा सुनाई।

वीसी के जरिए सुनाई सजा

मामले को लेकर सूरजपुर में घटना के बाद से ही लोगों में भारी आक्रोश रहा है। इसी को देखते हुए आरोपियों को न्यायालय में प्रत्यक्ष पेश करने के बजाय वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सजा सुनाई गई। मुख्य आरोपी कुलदीप साहू केंद्रीय जेल अंबिकापुर में बंद था, वहीं अन्य आरोपी ▶▶|शेष पेज 8 पर



मां को 33 और बेटी को 28 चोटें

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में बताया कि दोनों पीड़िताओं का अपराध से कोई संबंध नहीं था। इसके बावजूद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, दुष्कर्म किया और चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। अभियोजन के अनुसार महिला के शरीर पर 33 और उसकी बेटी के शरीर पर 28 चोट के निशान मिले थे। मामले में फिंगर प्रिंट, कपड़ों पर मिले खून के निशान सहित अन्य साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

13 अक्टूबर की रात हुई थी वारदात

13 अक्टूबर 2024 की रात से प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी लापता थीं। अगले दिन 14 अक्टूबर की सुबह दोनों के शव ग्राम पीढ़ा के पास गौठान के समीप मिले थे। जांच में दोनों के साथ दुष्कर्म और हत्या की बात सामने आई थी। घटना के बाद सूरजपुर में भारी आक्रोश फैल गया था।

घटनाक्रम एक नजर में

- 13 अक्टूबर 2024: कुलदीप का पुलिसकर्मी से विवाद और आरक्षक पर गर्म तेल से हमला।
- 13 अक्टूबर की रात: थाने के बाहर पुलिसकर्मियों को कार से कुचलने का प्रयास।
- 13-14 अक्टूबर की रात: प्रधान आरक्षक के घर पहुंचकर पत्नी और बेटी की हत्या।
- 14 अक्टूबर: दोनों के शव पीढ़ा के पास मिले; सूरजपुर में विरोध प्रदर्शन और आरोपी के घर में आगजनी।
- 15 अक्टूबर: मुख्य आरोपी कुलदीप साहू गिरफ्तार।
- 28 सितंबर 2026: कोर्ट ने चारों को दोषी ठहराया
- 8 अक्टूबर 2026: तीन आरोपियों को मृत्युदंड और एक को मरते दम तक कारावास


आर्यन विश्वकर्मा

फांसी की सजा पाए आरोपी रायपुर भेजे जाएंगे

केंद्रीय जेल के अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजा सुनाई गई। प्रदेश में फांसी घर रायपुर केंद्रीय जेल में है। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद फांसी की सजा पाए आरोपियों को रायपुर केंद्रीय जेल भेजने की प्रक्रिया की जाएगी। सजा सुनाए जाने के बाद जेल में सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

महादेव सट्टे में टीवी होस्ट शेफाली ने ईडी के सामने सरेंडर किया सवा करोड़

रायपुर जोनल ऑफिस में 50 तथा 70 लाख रुपए के दो डिमांड ड्राफ्ट सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महादेव बेटिंग ऐप मामले में बिग बॉस फेम तथा टीवी होस्ट शेफाली बग्गा ने ईडी के सामने 1.20 करोड़ रुपए सरेंडर कर दिए हैं। उन पर आरोप है कि बेटिंग प्लेटफॉर्म के प्रमोशनल वीडियो बनाने के लिए उन्हें करीब 1.50 करोड़ रुपए दिए गए थे। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उल्लेख किया है कि दिल्ली स्थित उनके घर की तलाशी में 30 लाख रुपए नकद मिले थे। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पूछताछ के दौरान बग्गा ने रुपए सरेंडर करने की इच्छा व्यक्त की थी।

इससे पहले मई में, केंद्रीय जांच एजेंसी ने शेफाली बग्गा के दिल्ली और मुंबई स्थित निवास पर छापा मारा था। छापे के दौरान 30 लाख रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह सरेंडर तथा जब्त रकम 1.5 करोड़ हो जाती है। ईडी का आरोप है कि यह महादेव सिंडिकेट ▶▶|शेष पेज 8 पर

खास खबर

देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन बेटिंग सिंडिकेट

देश के सबसे बड़े अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट्स में से एक महादेव घोटाला, एक ऐसा ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म है जो पोकर, कार्ड गेम्स और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं पर जुआ खेलने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराता था। इस सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। उनके द्वारा इस एप का संचालन दुबई से किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म ने फ्रेंचाइजी के जरिए अपना नेटवर्क बढ़ाया और बेनामी बैंक खातों के एक जटिल नेटवर्क के माध्यम से धन का लेन-देन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया।

सरकार युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध 25845 को सीधे रोजगार से जोड़ा गया: साय

राज्य स्तरीय रोजगार मेले में युवाओं को मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति प्रमाणपत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय रोजगार मेला समापन समारोह में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए।

श्री साय ने रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियोक्ता कंपनियों की ओर से ऑफर लेटर प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को रोजगार मिलने पर उनकी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि सरकार ने पिछले पौने तीन सालों में 925 रोजगार मेले का आयोजन कर 25845 शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में भाग लेने वाली देशभर के 95 से अधिक नियोक्ता कंपनियों का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं को राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम आने वाले दिनों में सब इंजीनियर, कलर्क जैसे पदों पर नियुक्तियां निकाले जाने की जानकारी दी।

2000 युवाओं को मेले में रोजगार का मिला अवसर

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विभाग द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में करीब 12000 से अधिक विभिन्न रिक्तियों पर बेरोजगार युवाओं ने रोजगार के लिए साक्षात्कार दिए। इन रिक्तियों के लिए प्रदेशभर के करीब 30 हजार शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया था। इन पंजीकृत युवाओं में से करीब 2000 युवाओं को मेले में रोजगार का अवसर प्रदान किया गया।

समारोह में इनकी रही उपस्थिति

राज्य स्तरीय रोजगार मेले के समापन समारोह में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विभाग के सचिव बसवराजू एस., सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार सहित नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने जीएसटी काउंसिल के फैसलों को बताया ऐतिहासिक

रायपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने जीएसटी काउंसिल के फैसलों को ऐतिहासिक बताया है। देश के करोड़ों व्यापारियों को बड़ी राहत देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का छत्तीसगढ़ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी लाभचंद बाफना, श्रीचंद सुंदरानी, संयोजक सुभाष अग्रवाल, सह-संयोजक रमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सुनील रामदास, अनिल लुंकड़, नितेश दुबे, संतोष बैद, विजय जयसिंघानी, जितेंद्र गोलछा, सुषमा कोठारी, सुमित शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा।



निजी छात्रों के आवेदन प्रारंभ, 10वीं-12वीं के लिए चुकाने होंगे प्रति विषय 320 रुपए

23 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन, विलंब शुल्क संग 30 तक मौका, प्रायोगिक विषयों के लिए देना होगा पृथक शुल्क

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं प्राइवेट परीक्षा 2027 के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर दिए हैं। छात्र 8 अक्टूबर से आवेदन कर सकते हैं। बिना लेट फीस आवेदन की अंतिम तारीख 23 अक्टूबर और लेट फीस के साथ 30 अक्टूबर है। कक्षा 10वीं-12वीं के लिए प्रति विषय 320 रुपए शुल्क निर्धारित है। उम्मीदवारों को फॉर्म भरते समय जानकारी सावधानी से जांचनी होगी। यह फॉर्म फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए है। छात्रों को अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय पर आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है।

सीबीएसई प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। संबंधित लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी दर्ज करनी होगी। उम्मीदवारों को जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी भी अपलोड करनी होगी। इसके बाद निर्धारित परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करके फॉर्म सबमिट करना होगा। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद उसका प्रिंट या डिजिटल कॉपी सुरक्षित रखने कहा गया है।

इतनी है परीक्षा फीस

कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए भारत में रहने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक विषय के लिए 320 रुपए परीक्षा शुल्क देना होगा। नेपाल के उम्मीदवारों के लिए प्रति विषय शुल्क 1,100 रुपए और अन्य देशों के उम्मीदवारों के लिए 2,200 रुपए निर्धारित किया गया है। कक्षा 12वीं में प्रैक्टिकल विषयों के लिए अलग शुल्क भी देना होगा। भारत में प्रति प्रैक्टिकल विषय 160 रुपए, नेपाल में 174 रुपए और अन्य देशों में 375 रुपए शुल्क निर्धारित है। तय समय के बाद आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 2,000 रुपए की लेट फीस भी देनी होगी। आवेदन से पहले फीस की जानकारी जरूर जांच लें।

विषय चुनाव सावधानीपूर्वक करने निर्देश

सीबीएसई ने उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म केवल एक बार जमा करने की सलाह दी है। फॉर्म भरते समय वन-टाइम पासवर्ड यानी ओटीपी सत्यापन के लिए एक ईमेल आईडी की जरूरत होगी। उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म जमा करने और फीस का भुगतान करने से पहले सभी जानकारियां अच्छी तरह जांच लेने की सलाह दी गई है। आवेदन जमा होने के बाद जानकारी में बदलाव की सुविधा सीमित होगी। अध्ययन के लिए विषय का चुनाव सावधानीपूर्वक करने कहा गया है। छात्र जिन विषयों का चुनाव फॉर्म भरने के दौरान करेंगे, उन्हीं विषयों की परीक्षा उन्हें दिलानी होगी।

भाटापारा विधायक की गाड़ी पर पथराव, बाल-बाल बचे इन्द्र साव

लेवई से शोक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कडार में बीती रात भाटापारा विधायक इन्द्र साव की गाड़ी पर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। विधायक ग्राम लेवई में शोक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने निवास की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम कड़ार के पास उनकी गाड़ी को पत्थर से निशाना बनाया गया। अचानक हुए पथराव में विधायक बाल-बाल बच गए, जबकि वाहन को नुकसान पहुंचा है। पथराव से वाहन में सवार लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना के बाद विधायक की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



घटना के बाद मामले की शिकायत भाटापारा ग्रामीण थाना में किए जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायत के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता पक्ष का कहना है कि घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद भी अब तक आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

पुलिस कार्रवाई पर टिकी नजर

फिलहाल पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान, पथराव के कारण और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों की जांच कर रही है। वाहन को हुए नुकसान का भी आंकलन किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस आगे क्या कार्रवाई करती है, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

सूखे नशे के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति, 24 घंटे के भीतर सवा क्विंटल गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सूखे नशे की खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस की तीन एजेंसियां एंटी नारकोटिक्स सेल, एसीसीयू, आमानाका तथा गंज थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में 1.27 क्विंटल गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल तथा राजस्थान के आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। जब्त गांजे की कीमत पुलिस ने 64 लाख रुपए बताई है।

गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह के पास पुलिस ने तीन संदिग्धों को एक ऑटो से उतरकर यात्री प्रतीक्षालय जाते देखा। यात्री प्रतीक्षालय पहुंचकर पुलिस ने तीनों का नाम पूछा तो उन लोगों ने अपना नाम जगदलपुर निवासी मुकुंद शर्मा, गोपाल वर्मा तथा बलौदाबाजार निवासी संतोष साहू बताया। टीम के सदस्यों ने उनके पास रखे ट्रॉली बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा पाया गया। मुकुंद तथा गोपाल मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। दोनों संतोष के लिए ओडिशा से गांजा तस्करी कर रायपुर डिलीवरी देने आए थे। तीनों के कब्जे से 82 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है।

ओडिशा-पश्चिम बंगाल से आए थे गांजा बेचने

एक अन्य प्रकरण में आमानाका थाने की पुलिस ने ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल से गांजा बेचने पहुंचे कान्हु डकुआ तथा सुमित भट्टाचार्य के साथ उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने टाटीबंध स्थित इस्कॉन टैम्पल मोड़ के पास से 45 किलो के करीब गांजा के साथ धर-दबोचा। तीनों रायपुर में किसी पार्टी को गांजा देने के लिए आए थे। आरोपी किनको गांजा देने आए थे, पुलिस इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बर्तन बेचने की आड़ में गांजा तस्करी

जगदलपुर के जिन दो तस्कर मुकुंद तथा गोपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वे दोनों मूल रूप से राजस्थान का रहने वाले हैं। दोनों अपने राज्य के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों में गांजा तस्करी करने ठिकाना बनाने जगदलपुर को बेस कैंप बनाया था। दोनों वहां बर्तन बेचने की आड़ में ओडिशा से गांजा सप्लाई कर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में खपाने का काम करते थे।



बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026 | आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 26, अंक : 199 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5 .00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



1 जनवरी 1951
8 अक्टूबर 2026

बॉलीवुड का 'आक्रोश' शांत!

नहीं रहे नाना, 75 की उम्र में ली अंतिम सांस

पणजी/ पुणे। 'सलाम बॉम्बे', 'खामोशी' और 'वेलकम' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर छा जाने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को तड़के गोवा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पणजी के पास डोना पाउला स्थित अपने अपार्टमेंट में बेहोश पाए जाने के बाद पाटेकर को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शेखर सालकर ने यह जानकारी दी। सालकर ने बताया कि लगातार 45 मिनट तक 'सीपीआर' दिए जाने के बावजूद पाटेकर होश में नहीं आए और सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित उनके फार्महाउस में किया गया। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने घोषणा की कि उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

पुणे स्थित फार्महाउस **'नानाची वाड़ी'** में किया गया अंतिम संस्कार

बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेता

अपने दमदार अभिनय और संवाद की खास शैली के लिए पहचाने जाने वाले पाटेकर ने छोटे-छोटे किरदारों से फिल्मी सफर की शुरुआत की और आगे चलकर अपने दौर के सबसे बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं में शुमार हुए।

चर्चित फिल्म और पुरस्कार

चर्चित हिंदी फिल्मों में 'परिंदा', 'प्रहारः द फाइनल अटैक', 'तिरंगा', 'क्रांतिवीर' और 'खामोशीः द म्यूजिकल' शामिल हैं। पाटेकर को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, कई फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री भी प्रदान किया गया था।

बॉलीवुड में शोक की लहर

फिल्म इंडस्ट्री और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई। शाहरुख खान और सलमान खान ने शोक जताया। अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि उनके साथ सेट पर बिताए समय की बहुत-सी यादें हैं, जिन्हें वह हमेशा संजोकर रखेंगे।

पीएम ने दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से एक गहरा खालीपन पैदा हो गया है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,'बहुत कम अभिनेताओं में नाना पाटेकर जी जैसी अभिनय की गहराई, विशिष्टता और प्रभावशाली मौजूदगी देखने को मिलती है।

जीएसटी काउंसिल का फैसला

जीएसटी अफसर बिना अनुमति नहीं कर पाएंगे गिरफ्तार, 5 करोड़ से कम पर केस भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में कई कड़े फैसले लिए गए। जीएसटी परिषद ने जीएसटी-2.0 के तहत जीएसटी अधिकारियों के हाथ से गिरफ्तारी के अधिकार को खत्म कर दिया है। अभियोजन के लिए मॉनेटरी सीमा को 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने को मंजूरी दे दी है। आसान रजिस्ट्रेशन जैसे व्यापक नीतिगत सुधारों पर भी फैसला लिया है। गुरुवार को घोषित सुधार 1 अप्रैल, 2027 से लागू होंगे। यह अगले फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत है।

खास खबर

- वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा- 1 देश 1 जीएसटी दर पर भी होगा विचार

जीएसटी परिषद ने गुरुवार को व्यापक सुधारों की दिशा में कदम उठाया। इसके तहत कर अधिकारियों की गिरफ्तारी का अधिकार खत्म करने और अभियोजन की सीमा एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करने को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही करदाताओं के लिए तेजी से और बड़े पैमाने पर स्वचालित रिफंड की व्यवस्था शुरू करने का भी फैसला किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सामान्य जुर्माने को भी 25,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए करने का फैसला किया गया है। जीएसटी परिषद द्वारा मंजूर बदलाव एक अप्रैल, 2027 से लागू किए जाएंगे।

परिषद ने यह प्रस्ताव भी मंजूर किया कि देर से रिटर्न दाखिल करने, कोई गलती करने या कर भुगतान में देरी करने वाले करदाता से केवल बकाया कर की वसूली, ब्याज और अनुपातिक जुर्माना ही लिया जाएगा। ⏭शेष पेज 8 पर



आईटीसी से जुड़ी विसंगतियां दूर

एक सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने मुख्य रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ी विसंगतियों को दूर कर लिया है और उलट शुल्क ढांचे की समस्या का समाधान कर दिया है।

छोटे ई-कॉमर्स विक्रेताओं को होगी सहूलियत

काउंसिल ने एक सरलीकृत जीएसटी पंजीकरण सिस्टम को मंजूरी दे दी है, जो ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के जरिये काम करने वाले पात्र छोटे विक्रेताओं को प्रत्येक राज्य में अलग-अलग भौतिक परिसर स्थापित किए बिना अन्य राज्यों में विस्तार करने की अनुमति देता है।

जीएसटी दर में कोई बदलाव नहीं

जीएसटी काउंसिल ने अपनी 57वीं बैठक में जीएसटी दरों में किसी भी बदलाव की घोषणा नहीं की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा दर संरचना तय हो गई है। आगे चलकर दर संबंधी मामलों को साल में एक बार विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए आरक्षित बैठक में उठाया जाएगा। दो-दर संरचना की शुरुआत के बाद टैक्सेबल सप्लाईज 40.19 लाख करोड़ रुपये प्रति माह से बढ़कर 50.58 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 25.8% की बढ़ोतरी है। जीएसटी प्रणाली में उपभोक्ताओं को आपूर्ति 26.7% बढ़कर 5.98 लाख करोड़ रुपये से 7.58 लाख करोड़ रुपये प्रति माह हो गई।

प्रमुख फैसले

- रिफंड दावों को स्वीकार करने की समयसीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन की जाएगी।
- कर्मचारियों के लिए लिए गए इंश्योरेंस कवर पर भुगतान किए गए जीएसटी पर नियोक्ताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट मिलने का प्रावधान
- जीएसटी काउंसिल ने नोटिस और कर संबंधी कार्यवाही के लिए कॉमन स्टैंडर्ड की सिफारिश
- ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सामान या सेवाएं बेचने वाले छोटे करदाताओं के जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल करने की सिफारिश
- वित्त मंत्री ने कहा कि आगे दर से जुड़े मुद्दों पर साल में एक बार विचार किया जाएगा।
- 57वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में किसी जीएसटी दर में बदलाव नहीं किया गया।
- सरकार सीजीएसटी में फेसलेस टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन लागू करने की दिशा में काम कर रही है।
- 10,000 रुपए से कम की टैक्स राशि के लिए जीएसटी डिमांड नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।

राजघाट में विपक्ष, कहा-सरकार की 'सद्बुद्धि' के लिए प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने निर्वाचन आयोग के मामले को लेकर गुरुवार को लगातार तीसरे दिन अपना प्रदर्शन जारी रखा और महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि उन्होंने 'सरकार को सद्बुद्धि देने' और 'वोट चोरी बंद होने' के लिए प्रार्थना की है। विपक्षी दलों ने यह भी कहा कि 'वोट चोरी' के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का समय मांगा है और राष्ट्रपति भवन से जवाब का इंतजार कर रहे हैं।



ढोल बजाते पहुंचे राजघाट

कनॉट प्लेस से राजघाट तक की यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता नारे लगाते और ढोल बजाते हुए आगे चल रहे थे। कुछ स्थानों पर वामपंथी छात्र संगठन आइसा और एआईएसएफ के कार्यकर्ता भी नारे लगाते तथा डफली बजाते नजर आए।

विपक्ष की अराजकतावादी मानसिकता



इधर, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता 24x7 काम करता है। उसके लिए हर दिन काम है और हर दिन चुनाव है। ये (राहुल गांधी और विपक्ष) अराजकतावादी मानसिकता के लोग हैं, जिन्हें केवल समाज में विष घोलना आता है। अगर ऐसा ही था, तो केरल में भी चुनाव इसी चुनाव आयोग ने कराया था। तमिलनाडु में, जहां ये पीछे से सत्ता में पहुंचे हैं, वहां का चुनाव भी इसी चुनाव आयोग ने कराया था। अगर हिम्मत है, तो राहुल गांधी को पहले अपना इस्तीफा देना चाहिए। वे जिस प्रकार का खेल ये खेल रहे हैं, वो देश की जनता देख रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं।

डीआईजी के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

छग कैडर के आईपीएस सिंह को दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा की कमान

- छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी हैं केंद्रीय प्रतियुक्ति पर



खास खबर

रायपुर। भारतीय पुलिस सेवा (2011 बैच) के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी संतोष सिंह को दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) में सीआईएसएफ के डीआईजी के रूप में पदस्थ कर इसकी सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। श्री सिंह को उनके सुरक्षा प्रबंधन के अनुभव और प्रशासनिक दक्षता के चलते दिल्ली की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो ⏭शेष पेज 8 पर

छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में रहे पदस्थ

विवादों से दूर आईपीएस संतोष सिंह अपनी परिपक्व व संवेदनशील पुलिसिंग के साथ सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं। आईपीएस श्री सिंह छत्तीसगढ़ के कुल नौ जिलों रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, राजनांदगांव, कोरिया, रायगढ़, महासमुंद, नारायणपुर व कोंडागांव जिले में एसपी/एसएसपी रह चुके हैं। वे सुकमा में एएसपी और दुर्ग में सीएसपी भी रहे हैं। ⏭शेष पेज 8 पर

विस्फोटक नष्ट करने के दौरान हादसा: सीआरपीएफ के चार जवान घायल

सुकमा। जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में गुरुवार को विस्फोटकों के सुरक्षित विनष्टीकरण के दौरान अचानक हुए ब्लास्ट से सीआरपीएफ के चार जवान घायल हो गए। हादसे में दो जवानों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दो अन्य जवानों को सामान्य चोटें लगी हैं। घटना के बाद सुरक्षा एवं प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सभी घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल कोन्टा ले जाकर उपचार शुरू कराया गया है। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ ⏭शेष पेज 8 पर

- एलार्मडगु कैंप से करीब 200 मीटर दूर बोदराजपदर नाला के पास हुआ विस्फोट, दो जवान गंभीर, कोन्टा अस्पताल में उपचार जारी



सीएम ने जताया दुःख

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चार जवानों के घायल होने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायल जवानों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री साय ने ईश्वर से सभी घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

अपने ही बच्चों से मारपीट-गाली गलौज करने वाली मां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



कोतवाली थाने में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जिसमें बच्चों की शिकायत पर मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बच्चों ने शिकायत की थी कि उनकी मां उनसे गालीगलौज और मारपीट करती है। बच्चों की मां प्रधान पाठिका है। बच्चों ने शिकायत में शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में पदस्थ प्रधानपाठिका शबाना बानो, जो बच्चों की मां है, के खिलाफ उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहने का भी आरोप लगाया है। दोनों बच्चों ने बालोद के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों का बयान हुआ, जिसके बाद पुलिस ने पाररास स्थित किराए के मकान में दबिश देकर शबाना बानो को गिरफ्तार कर लिया। जिस समय पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची महिला स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। बताते हैं कि आरोपी महिला का पिछले कुछ समय से पति से भी विवाद चल रहा है। बालोद कोतवाली पुलिस आरोपी शिक्षिका को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

कविता, निबंध और कथा का मिश्रण

कनाडाई कवि और निबंधकार ऐनी को साहित्य का नोबेल



स्टॉकहोम। कनाडाई कवि, निबंधकार और अनुवादक ऐनी कार्सन को इस साल के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्टॉकहोम में स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को यह घोषणा की। टोरंटो में जन्मीं 76 वर्षीय कार्सन प्राचीन यूनानी और रोमन साहित्य के विषयों और कहानियों को अपनी रचनाओं का आधार बनाती हैं, जो अक्सर कविता, निबंध और कथा साहित्य के तत्वों का मिश्रण होती हैं।

प्राचीन को आधुनिकता से जोड़ने में माहिर

कार्सन की खासियत अलग-अलग दौर के लेखकों को एक ही रचना में साथ मिलाकर रखना है। 1999 की 'इकोनॉमी ऑफ द अनलॉस्ट' में उन्होंने प्राचीन यूनानी कवि सिमोनाइड्स को आधुनिक कवि पॉल सेलान के साथ मिलाकर रखा। सन 2000 की 'मेन इन द ऑफ आवर्स' में उन्होंने प्राचीन इतिहासकार थ्यूसीडिडीज और आधुनिक लेखिका वर्जीनिया वूल्फ को जोड़ा।



चिंतन

डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत



आर्थिकी
डॉ .जयंतीलाल भंडारी

भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा होने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

डिजिटल तकनीक ने दुनिया को जितनी तेजी से जोड़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध ने भी अपनी सीमाएं बढ़ाई हैं। आज मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है। बैंकिंग, खरीदारी, सरकारी सेवाएं, पहचान, कारोबार और व्यक्तिगत सूचनाएं सब कुछ एक छोटे से उपकरण में सिमट गया है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था पर नागरिक का भरोसा उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइबर धोखाधड़ी और डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक तंत्र बनाने का आह्वान समय की महत्वपूर्ण जरूरत को सामने रखता है। साइबर अपराध की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसका कोई निश्चित भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। ठग एक देश में बैठकर दूसरे देश के नेटवर्क का इस्तेमाल कर तीसरे देश के नागरिक को निशाना बना सकता है। फर्जी कॉल, संदेश, लिंक और डिजिटल भुगतान के जरिए होने वाली ठगी अब किसी एक शहर या देश की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रही। इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, तकनीकी साधन और कई बार अलग-अलग देशों में मौजूद अपराधी काम करते हैं। डीपफेक ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। एआई की मदद से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा और वीडियो इस तरह तैयार किए जा सकते हैं कि वास्तविक और नकली में अंतर करना आम व्यक्ति के लिए बेहद कठिन हो जाए। आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। इसलिए साइबर सुरक्षा को केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जो संदिग्ध कॉल, संदेश, वेबसाइट, भुगतान या डिजिटल पहचान को नागरिक तक पहुंचने से पहले ही पहचान सके। इसके लिए सरकारों के साथ दूरसंचार कंपनियों, बैंकों, तकनीकी कंपनियों और डिजिटल मंचों को साझा जिम्मेदारी निभानी होगी। मोबाइल और इंटरनेट की गति बढ़ाना डिजिटल विकास का एक पहलू है, लेकिन सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना उसका दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण पहलू है। 5जी और आने वाली 6जी तकनीक, एआई, डिजिटल भुगतान और इंटरनेट आधारित सेवाओं का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी निजी जानकारी सुरक्षित है और उसके नाम पर कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकती। ऐसे में डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत बना गई है। इसमें सभी देशों को अपनी भूमिका निभानी होगी। दुनिया ने जिस तरह आतंकवाद, मादक पदार्थों और संगठित अपराध के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत को स्वीकार किया है, उसी तरह अब साइबर अपराध के खिलाफ भी साझा वैश्विक व्यवस्था बनानी होगी। देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों की पहचान, डिजिटल साक्ष्यों की उपलब्धता और त्वरित कार्रवाई के लिए स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। डीपफेक जैसी तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा मानक विकसित करने होंगे। डिजिटल क्रांति को रोकना समाधान नहीं है और न ही ऐसा होना चाहिए। तकनीक विकास, सुशासन और आर्थिक प्रगति का शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन इसका उपयोग सही दिशा में हो, तभी यह सार्थक होगी। जरूरत केवल इतनी है कि इसकी रफ्तार के साथ सुरक्षा की रफ्तार भी बढ़े। डिजिटल दुनिया में भरोसा टूट गया तो तकनीकी प्रगति की चमक फीकी पड़ जाएगी। इसलिए डिजिटल सुरक्षा अब किसी एक देश, कंपनी या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जरूरत है।

बढ़ती विकास दर के सामने चुनौतियां

इन दिनों भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। 6 अक्टूबर को प्रकाशित विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के पूर्व निर्धारित अनुमान 6.6 प्रतिशत को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस वित्त वर्ष में विकास दर बनाए रखने के लिए भारत को वैश्विक और घरेलू आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के सामने आर्थिक वृद्धि बरकरार रखने की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। 7 अक्टूबर को रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की जो वृद्धि की है, उससे भी विकास की रफ्तार पर असर होगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता में गतिरोध आ गया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात नियंत्रित करने के लिए टैरिफ को दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत राष्ट्रपति ट्रंप की मुट्ठी में भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की नई शक्ति आ गई है। भारत के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में निर्यात बढ़ाने की नई चुनौती भी आर्थिक वृद्धि की राह में बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कौटिल्य इकोनामिक कॉन्क्लेव में कहा कि देश को अपनी आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार सुधारों और अधिक आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को वित्त मंत्रालय ने सितंबर 2026 की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वित्तीय स्थितियों में कड़ाई, अमेरिकी व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, महंगाई और देश में कमजोर मानसून से निर्मित परिस्थितियां इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां बन गई हैं। इस परिदृश्य के कारण भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकती है। जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी। ऐसे में भारत भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ते व्यवधानों के कारण अपनी विकास दर को लेकर बेफिक्र नहीं रह सकता। देश के करीब एक तिहाई हिस्से में सूखे का संकट भी सामने दिखाई दे रहा है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक अलनीनो के असर से इस बार मानसून के सीजन में करीब 12.6 प्रतिशत बारिश कम रही है और ऐसे में देश के 38 प्रतिशत हिस्से में सूखे का खतरा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित बुलेटिन 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' के अनुसार देश की आर्थिक रफ्तार की राह पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, ट्रंप टैरिफ और कमजोर मानसून की चुनौतियां मुश्किलों के रूप में दिखाई दे रही हैं। लेकिन इसके



बावजूद मजबूत घरेलू बुनियाद के दम पर देश की अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है। 25 सितंबर 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 747.6 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 19.81 अरब डालर की ऊंचाई पर पहुंचकर पांच वर्षों के उच्चतम मासिक स्तर पर रहा है।

वहीं, दूसरी ओर सरकार किसी भी प्रकार की घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। निसंदेह अब तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच पूरी दुनिया में जिस तरह भारत की आर्थिक साख बढ़ी है,अब उसे बनाए रखना एक चुनौती है। गत 23 सितंबर को एसएंडपी और फिच रेटिंग्स जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और कहा है कि इस प्रदर्शन के दम पर भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6 प्रतिशत रहने का अनुमान था। इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिला है। भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान में बढ़ोतरी का मुख्य आधार मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत में लगातार सुधार, और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी व निजी निवेश में आई तेजी है।मूडीज ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए 3' पर बनाए रखा है और देश के आर्थिक आउटलुक को 'स्थिर' रखा है। रिपोर्ट के अनुसार यद्यपि विकास की गति सकारात्मक है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। कहा गया है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल और चालू खाते के घाटे को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम के प्रतिकूल प्रभावों जैसे अल नीनो के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि महंगाई और ग्रामीण खपत पर दबाव डाल सकती है। वस्तुतः मूडीज का यह संशोधित अनुमान दर्शाता है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। दुनिया की प्रसिद्ध जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने भारत की विदेशी और स्थानीय मुद्रा दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग के साथ-साथ कंट्री सीलिंग को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि जेसीआर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की उच्च विकास दर बनाए रखने में सफल रही है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ढांचागत सुधारों ने अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत किया है। निसंदेह अब देश और दुनिया के बदलते माहौल के बीच भारत के लिए वृद्धि दर बनाए रखना भी एक कठिन काम है। भारत के सामने कई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही हैं।

इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा किए जाने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यटन



सुशील देव

एक बार बस्तर का दशहरा भी देखें !

यह बेहद सुकुन देने वाली बात है कि छत्तीसगढ़ का बस्तर, जिसे आमतौर पर नक्सलवाद और लाल आतंक के नाम से जाना जाता था, पर्यटन के नक्शे पर उसकी पहचान अब संस्कृति और प्रकृति की अनुपम छटा वाले पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जा रहा है। वास्तव में बस्तर का वन क्षेत्र बेहद निराला है। प्रकृति की हरियाली और स्वच्छता पर्यटकों को आकर्षित करता है। धीरे-धीरे बस्तर न केवल विकास की धारा से जुड़ रहा है बल्कि पयर्टन के हिसाब से भी तेजी से बदल रहा है। यहां का खूबसूरत इलाका अपनी अनोखी आदिवासी संस्कृति, घने जंगलों की छटा सबका ध्यान खींच रहा है। साथ ही, यहां के लोगों का भावपूर्ण और अतिथि सत्कार भी दुनिया भर के पर्यटकों को लुभा रहा है। बारिश का मौसम बीतने के बाद से ही यहां हरे-भरे जंगल, पहाड़ और उनके उफनते पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। इसलिए आज की तारीख में बस्तर भी देश के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में एक साबित हो रहा है। हालांकि बस्तर का दशहरा बहुत पहले से प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के दिनों में इस अवसर पर जुटने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। इस वर्ष भी यहां का दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। नवरात्रि और दशहरा के अलावा यहां दीपावली पर भी दुनिया भर से भारी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बार और अधिक सैलानियों की उम्मीद की जा रही है। निश्चित तौर से इससे वहां की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। वहां के लोगों को इस बहाने रोजगार के साधन मिलते हैं। चर्चा है कि इस बार 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर के दशहरा में कुछ खास होने वाला है, जो यहां के सैलानियों को दिखेगा। गौरतलब है कि दशहरा यहां सिर्फ पूजा-पाठ का त्योहार नहीं, बल्कि नए बस्तर की नई पहचान के रूप में मनाया जाएगा। असल में बस्तर का दशहरा देश के बाकी हिस्सों से बहुत अलग और अनोखा होता है। ध्यान देने योग्य बात है कि बस्तर में रावण के पुतले का दहन नहीं होता। यानी यहां रावण दहन या राम-रावण युद्ध के किसी प्रसंग को दोहराने की परंपरा नहीं है। क्योंकि यहां देवी और प्रकृति की आराधना होती है। इसलिए बस्तर का यह प्रसिद्ध उत्सव भगवान राम की विजय या रावण वध से जुड़ा हुआ नहीं है। यह पूरी तरह से यहां की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और क्षेत्र के स्थानीय देवी-देवताओं को समर्पित है। यहां रावण दहन के बजाय विशाल लकड़ी के रथ खींचने, देवी-देवताओं की डोलियों के मिलन और आदिवासी लोक-परंपराओं पर पूरा फोकस होता है। मान्यता है कि बस्तर प्राचीन काल में दंडकारण्य का हिस्सा माना जाता था, इसलिए यहां रावण के पुतले को जलाने के बजाय उसकी संस्कृति और स्थानीय आस्था से जुड़ी रस्में (जैसे भीतर रैनी, बाहर रैनी और रथ परिक्रमा) निभाई जाती हैं। इस बार दशहरा और भी खास होने वाला है, क्योंकि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल होने वाली हैं। देश की राष्ट्रपति के इसमें शामिल होने से इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है। खास बात यह भी है कि दशहरा देखने आ रहे सैलानी अब बस्तर के दूसरे गांवों और पर्यटन स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के स्थानीय लोगों की कमाई के रास्ते खुल गए हैं। होटल और होम-स्टे चलाने वालों ने पर्यटकों के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। सैलानियों को सिर्फ प्राकृतिक नजारे ही नहीं, बल्कि पारंपरिक बस्तरिया पकवान खाने और यहां की लोक कलाओं को नजदीक से देखने का मौका भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंधन के मुताबिक वर्तमान राज्य सरकार बस्तर में इको-टूरिज्म, होम-स्टे और एडवेंचर टूरिज्म को तेजी से बढ़ावा दे रही है। सुरक्षा और आने-जाने के रास्तों में सुधार होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार का मकसद सिर्फ सैलानी बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यटन को रोजगार से जोड़ना है। इससे स्थानीय युवाओं, महिलाओं, गाइडों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों को सीधे फायदा मिल रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि अब बस्तर आने वाले लोग सिर्फ दशहरा देखकर नहीं लौट रहे, बल्कि चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी, कुटुमसर और कैलाश गुफा जैसी जगहों पर भी जा रहे हैं। बारिश के बाद यहां की हरियाली और झरने इन जगहों को और भी खूबसूरत बना देते हैं। कांगेर घाटी में पर्यटकों को घने जंगलों के साथ आदिवासी जीवन को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। स्पष्ट है कि पर्यटकों के यहां आने से बस्तर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। होम-स्टे, स्थानीय खाना, महुआ से बने उत्पाद, हस्तशिल्प और सुंदर कलाकृतियां पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही हैं। इससे वाहन चालकों, छोटे दुकानदारों, कलाकारों और महिला समूहों की कमाई बढ़ रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

अंतर्मन



आज की पाती

तेल की कीमतों का झटका और भारत में बढ़ती महंगाई

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देश में विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं या कच्चे माल की कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजार की कीमतों पर पड़ता है, तो इसे आयातित महंगाई कहा जाता है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती अधिक गंभीर है क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जा की आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुंचता है। - *मदद अग्रवाल, दुर्ग*

करंट अफेयर

भारतीय नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल घाना



घाना ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत के नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए 'स्वीकृति पत्र' प्रदान किया है और इसी के साथ यह पश्चिम अफ्रीकी देश इस गठबंधन का औपचारिक रूप से सदस्य बन गया है। जयशंकर तीन अफ्रीकी देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचे। इस यात्रा में कोट डी आइवर और इथियोपिया भी शामिल हैं। घाना के विदेश मंत्री सैमुअल ओकुदजेटो अबलाकवा ने बुधवार को द्विपक्षीय बातचीत के दौरान जयशंकर को यह स्वीकृति पत्र सौंपा। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें घाना के विदेश मंत्री से 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल होने का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने घाना के अपने समकक्ष के साथ अपनी एक वीडियो क्लिप और तस्वीर भी साझा की। आईबीसीए संधि पर आधारित एक अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा समेत बड़ी बिल्ली प्रजाति के सात वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर केंद्रित है। भारत ने नौ अप्रैल, 2023 को 'प्रोजेक्ट टाइगर' की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इस गठबंधन की शुरुआत की थी।

ऑफ बीट

फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

ट्रेंड

आत्मविश्वास और संकल्प



हमने जो भी प्रगति देखी है, वह इसलिए संभव हो पाई क्योंकि करोड़ों भारतीयों ने पूरे आत्मविश्वास और संकल्प के साथ देश के बदलाव में हिस्सा लिया। यह देखना विशेष रूप से सुखद है कि यह बदलाव लोगों के रोजमर्रा के जीवन में भी दिखाई दे रहा है।
-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

67933 गांव टीबी-मुक्त



आज यह बहुत खुशी की बात है कि 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को बधाई।
- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

पाटेकर का निधन दुःखद



मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर बेहद दुःखद है। अपनी एक्टिंग और किरदारों के जरिए उन्होंने भारतीय सिनेमा और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के साथ हैं।
-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

देशद्रोही वामपंथी



देशद्रोही वामपंथी, जो सैद्धांतिक रूप से लोकतंत्र पर अविश्वास करते हैं और हिंसक क्रांति में भरोसा रखते हैं, साथ ही राष्ट्रवाद का पुरजोर विरोध करते हैं, उनका संस्थानों की छवि खराब करने का एक लंबा इतिहास रहा है।
- **केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, यूपी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



फिल्म अभिनेता प्रकाश राज, यूट्यूबर ध्रुव राठी भी हुए शामिल

वोट चोर, गद्दी छोड़ की गूंज

बेंगलुरू में एसआईआर के खिलाफ सीजेपी का बड़ा प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके, यूट्यूबर ध्रुव राठी और अभिनेता-सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज के नेतृत्व में लोगों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर बृहस्पतिवार को यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। महिलाओं और छात्रों समेत विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में फ्रीडम पार्क में एकत्र हुए। प्रदर्शन के दौरान माहौल अचानक बेहद जोशीला हो गया और लगातार नारेबाजी होती रही। प्रदर्शनकारी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने तथा ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

इस्तीफे तक जारी रहेगा आंदोलन : दीपके

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'लोकतंत्र की हत्या' और 'वोट चोरी' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, एसआईआर के जरिए चुनावी प्रक्रिया और मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित किया जा रहा है। अब समय सड़कों पर उतरकर इस मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने का है। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा नहीं देते। प्रदर्शन के दौरान दीपके ने समर्थकों से 'नरेंद्र मोदी वोट चोर' का नारा भी लगवाया।

मोदी-शाह के इशारे पर काम कर रहे ज्ञानेश : प्रकाश राज

अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश राज ने आरोप लगाया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। राज ने आरोप लगाया है कि यह मामला सिर्फ वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाने का नहीं है बल्कि लोगों की गरिमा और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है।

राठी ने रखे वोट चोरी के 'सबूत'

सभा को संबोधित करते हुए ध्रुव राठी ने सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'तीन सबूत मैं दिखाना चाहूंगा, जिसका जवाब ज्ञानेश कुमार दे दें, प्रधानमंत्री मोदी जवाब दे दें या अमित शाह दे दें, पहला- पश्चिम बंगाल के चुनाव से पहले करीब 70 हजार वोटर्स ऐसे थे जिन्हें वोटर लिस्ट से हटाया गया, लेकिन जैसे ही चुनाव के नतीजे आ गए उन्हें वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया तो ये जो बहाने मार रहे हैं कि घुसैपैठिएं हैं, मरे हुए वोटर्स हैं, तो ये बता दें कि ये लोग वोटिंग लिस्ट में कैसे आ गए? ऐसे ही दो और उदाहरण सबूत के तौर पर राठी ने रखे।

जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वो मोदी से प्यार करेंगे क्या?

राजधानी दिल्ली में मोबाइल कांग्रेस इवेंट के दूसरे दिन शिरकत करते हुए बोले प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण में डिजिटल तकनीक और सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रह गया है। यह सुशासन का बड़ा माध्यम बन चुका है। इसी दौरान उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचे हैं। इससे करीब 5 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस वजह से जिनकी मुफ्त की कमाई बंद हो चुकी है, वो मोदी से प्यार करेंगे क्या?



'सिंधिया, मित्तल अंबानी भी हुए शामिल

नयी दिल्ली में सात से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' (आईएमसी) के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भारती समूह के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

'5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे'

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की डिजिटल व्यवस्था से सरकारी मदद सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल से जुड़े बैंक खातों के जरिए लोगों तक सरकारी सहायता पहुंची है। इससे व्यवस्था में होने वाली लीकेज को रोकने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि डीबीटी के जरिए 50 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खातों में पहुंचे. इससे करीब 5 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई। पीएम ने कहा कि यह कोई छोटी रकम नहीं है। उनके मुताबिक, यह पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है। पीएम मोदी ने इसी बात को लेकर सवालिया अंदाज में कहा कि जिन लोगों की बिना मेहनत की कमाई बंद हो गई है, वे मोदी से प्यार करेंगे क्या? उन्होंने पूछा कि क्या उन्होंने सही काम किया या नहीं. पीएम ने कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों को रोका जाना चाहिए या नहीं. उन्होंने कहा कि विरोध और आलोचना के बावजूद वह इस काम को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह इसे पूरा करके रहेंगे।

राहत की खबर, कैंसर की दवाएं होंगी सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैंसर के इलाज को और किफायती बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सभी नॉन-शेड्यूल्ड एंटी-कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित करने का फैसला किया है। इस दायरे में ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित, पेटेंटेड और नॉन-पेटेंटेड—सभी तरह की एंटी-कैंसर दवाएं शामिल होंगी। इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में होने वाली अत्यधिक बढ़ोतरी को नियंत्रित करना और कैंसर मरीजों के जेब से होने वाले खर्च यानी आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर को कम करना है।

सरकार ने ट्रेड मार्जिन को 30 फीसदी तक किया सीमित



कुछ दवाओं में 70 फीसदी तक आएगी कमी- सरकारी अनुमान के मुताबिक, इस फैसले से कुछ दवाओं के एमआरपी में 70 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है और मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है।

'आप' प्रदेश अध्यक्ष सहित आप-बसपा के दर्जनों नेता कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न पार्टियों के नेताओं और समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी की उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीलम यादव, बहुजन समाज पार्टी के गाजियाबाद से पूर्व प्रत्याशी परमानंद गर्ग, भारत सरकार के पूर्व अधिकारी दुर्गा प्रसाद और बिजनौर से समाजसेवी हाजी इमामुद्दीन अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर शामिल कराया।

एलन मस्क के आरोपों पर सरकार का पलटवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के स्टारलिंक की उपग्रह संचार सेवाओं को रोके जाने के आरोप पर बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जताई और स्पष्ट किया कि देश में हर उपग्रह संचार लाइसेंसधारक के लिए सुरक्षा मानकों का अनुपालन दिखाना अनिवार्य है।

■ सुरक्षा मानकों का अनुपालन दिखाना अनिवार्य

सरकार ने साथ ही कहा कि उपग्रह सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभाव रहित व्यवस्था लागू है। दूरसंचार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह कहना कि व्यवस्था या इसे लागू करने का तरीका अनुचित या भेदभावपूर्ण है, निराधार और गलत धारणा पर आधारित है।

मस्क ने कहा था स्टारलिंक की सेवाओं को रोका जा रहा



भारत में स्टारलिंक की सेवाएं बंद है

मस्क ने कहा, "भारत में स्टारलिंक की सेवाएं बंद हैं, इसलिए यह दावा कि उनका इस्तेमाल किसी ने किसी भी कारण से किया, बिल्कुल गलत है। उन्होंने सिलसिलेवार कई 'पोस्ट' किए और दावा किया कि "भारत में स्टारलिंक उन लोगों के लिए तेज गति और किफायती इंटरनेट संपर्क उपलब्ध कराएगा, जो मौजूदा कीमतें वहन नहीं कर सकते या जिनके पास सेवाएं बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं हैं।"

भेदभाव का आरोप निराधार

मंत्रालय ने कहा कि जब किसी लाइसेंसधारक इकाई के लिए यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो वह स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए आवेदन करने के अगले चरण में जा सकती है। बयान में कहा गया, "फिलहाल तीनों इकाइयां मोटे तौर पर नियामकीय प्रक्रिया के एक ही चरण में हैं। ऐसे में यह सुझाव कि व्यवस्था या इसे लागू करने का तरीका अनुचित या भेदभावपूर्ण है, निराधार और गलत धारणा पर आधारित है।"

मस्क का आरोप कुछ उद्योगपति एकाधिकार चाहते हैं

मस्क ने बुधवार को आरोप लगाया था कि "कुछ उद्योगपति" भारत में अपनी एकाधिकार स्थिति बनाए रखने के लिए उनकी कंपनी की उपग्रह संचार सेवाओं को रोक रहे हैं।'सोशल मीडिया पर भारत की उपग्रह संचार सेवाओं के लिए नियामकीय व्यवस्था की निष्पक्षता को लेकर एक 'पोस्ट' प्रसारित हो रही है और इसमें यह संकेत दिया गया है कि इसे भेदभावपूर्ण तरीके से लागू किया जा रहा है।"

सभी कंपनियों को सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी

सभी कंपनियों को सेवा शुरू करने से पहले स्पेक्ट्रम और सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी। दूरसंचार मंत्रालय ने कहा कि लाइसेंस की शर्तों के तहत हर ऐसे लाइसेंसधारक को सुरक्षा संबंधी शर्तों के अनुपालन को प्रदर्शित करना जरूरी है। मंत्रालय ने कहा, "सरकार ने उपग्रह संचार सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभाव रहित नियामकीय व्यवस्था लागू की है।

ड्रोन-मिसाइल हमले में 36 घायल

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों का हमला, 3 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶| रियाद

सऊदी अरब में दो दिन के अंदर दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमलों ने पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। राजधानी रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दक्षिणी सऊदी के आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए हमलों में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 लोग घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन यानी जीएसीए ने बुधवार देर रात इसकी पुष्टि की। अथॉरिटी के मुताबिक, दोनों हमले मंगलवार और बुधवार को हुए और इनमें एयरपोर्ट की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है।षपहला हमला मंगलवार को आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ. यह एयरपोर्ट असीर प्रांत में है। यहां मोरक्को और अल्जीरिया की दो महिला नागरिकों की मौत हो गई। हमले में 28 लोग घायल हुए, जिनमें सऊदी नागरिकों के अलावा बांग्लादेश और फिलीपींस के नागरिक भी शामिल हैं। घायलों की हालत मामूली से लेकर गंभीर तक बताई गई है।

हूतियों ने ली हमलों की जिम्मेदारी

यमन के हूती विद्रोहियों ने दोनों एयरपोर्ट पर हमलों की जिम्मेदारी ली है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया। उन्होंने आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और खमीस मुशैत एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमले का भी दावा किया। हूतियों ने कहा कि उनके हमलों से एयर ट्रैफिक प्रभावित हुआ. हालांकि, हूतियों की तरफ से किए गए इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। उधर, सऊदी-लेड गठबंधन ने रियाद की तरफ आ रही हूती बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही मार गिराने का दावा किया। गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मालिकी के मुताबिक, मिसाइल को रियाद के उत्तर में इंटरसेप्ट किया गया।



विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत

हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *





दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, त्योहारों के आने में अब ज्यादा समय नहीं है। तुम्हारे घर में त्योहारों की तैयारी शुरू हो गई होगी। तुम्हारे घर में त्योहार कैसे मनाए जाते हैं, इसके बारे में तुम्हारे दोस्त भी जानना चाहते होंगे। तो क्यों न तुम अपने दोस्तों को अपने घर के त्योहारों के बारे में बताओ। इसके लिए तुम्हें क्या करना होगा, यह जानने के लिए पढ़ो यह लेख।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन


प्रतीकात्मक फोटो

बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसड्र्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।

रिटर्न गिफ्ट


प्रतीकात्मक फोटो

आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'

अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे


प्रतीकात्मक फोटो

मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आकांक्षी, सरगुजा


आशना, जांजगीर


डिपल, दुर्ग


त्रिशा, रायपुर


दिशा, बिलासपुर


रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

कई खदानों के अनुबंध खत्म, इसके बावजूद रेत उत्खनन जारी

ड्रोन कैमरों से निगरानी नहीं, प्रतिबंध हटने से पहले रेत खदानों में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



छत्तीसगढ़ में रेत सहित अन्य खदानों में निगरानी रखने एवं अवैध उत्खनन करने पर त्वरित कार्रवाई करने ड्रोन एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। इन एजेंसियों के माध्यम से जिला, संभाग एवं राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम ने पिछले कुछ महीनों में प्रदेश के कुछ जिलों में कई छोटी-बड़ी कार्रवाई भी की है, लेकिन जैसे-जैसे खदानों में मानसून के कारण देशभर में 10 अक्टूबर तक लगे प्रतिबंध की अवधि खत्म होने के दिन नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे इन खदानों की निगरानी करने में विभाग और एजेंसियों द्वारा ढिलाई बरती जा रही है, जिसका फायदा रेत माफिया और कारोबारी उठा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से रायपुर, धमतरी सहित अन्य कुछ जिलों से खदानों में एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करते हुए जमकर रेत का उत्खनन कराया जा रहा है। रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में कुछ दिनों पूर्व ही करमंदी हरदीडीह, समोदा खदान में रात के समय बड़ी संख्या में मशीनों से उत्खनन कराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन कराए जाने का मामला सामने भी आ चुका है।

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, रायपुर जिले में वर्ष 2023 में 13 रेत खदानों की नीलामी हुई थी। इन खदानों को दो वर्ष के लिए दिया गया। इनमें से 6 खदानों की अनुबंध अवधि फरवरी 2025 में खत्म हो चुकी है, वहीं अन्य 7 खदानों का अनुबंध सितंबर में समाप्त हुआ है। इस तरह इन सभी खदानों की अनुबंध अवधि खत्म हो चुकी है। हालांकि विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जिले में 7 खदानों को एक साल के लिए एक्सटेंशन दिया गया है। सूत्रों से पता चला है कि जिन खदानों को एक्सटेंशन दिया गया, उसमें भी नियमों का पालन नहीं हुआ है, क्योंकि इनमें कुछ खदानों को तो पर्यावरण विभाग से एनओसी ही नहीं मिल पाया है। इसके बाद भी इन खदानों में सालभर तक उत्खनन कार्य होता रहा।

जिले में 6 रेत खदानों का टेंडर 10 फरवरी 2023 में हुआ था। इनमें कुरुद, लखना, कागदेही, कुम्हारी, पारागांव एवं हरदीडीह शामिल है। इन 6 खदानों को 2 साल के ठेके पर दिया गया। इसी प्रकार अन्य 7 रेत खदानों का 8 सितंबर को टेंडर हुआ था। इनमें जी-कुरुद, मोहमेला-ए, मोहमेला-बी, चिखली-ए, चिखली-बी, चिखली-सी तथा राटाकाट खदान शामिल है। इन सातों खदानों को तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में गौण खनिज नियमों में किए गए बदलाव के तहत 5 साल के लिए ठेके पर दिया गया था, वहीं पर्यावरण विभाग की अवधि भी 6 माह की जगह एक साल की गई थी। सूत्रों के अनुसार, किसी कारणवश ये नए नियम लागू नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण इन खदानों की अनुबंध अवधि भी पुराने नियमों के तहत दो साल के अनुसार सितंबर 2025 में खत्म हो चुकी है। इनमें 7 खदानों की अवधि एक साल के लिए बढ़ाई गई है, जो अब लगभग खत्म हो चुकी है।

खनिज विभाग ने पिछले वर्ष भी 7 नई रेत खदानों की नीलामी हुई है। इनमें गोबरा नवापारा अंतर्गत ग्राम टीला-ए, ग्राम टीला-बी, ग्राम चांपाझर-ए, चांपाझर-बी, आरंग अंतर्गत हरदीडीह-बी, ग्राम कुरुद-सी एवं ग्राम राटाकाट-बी शामिल हैं। इन सभी खदानों की नीलामी के बाद भी अब तक इनमें से एक-दो को ही पर्यावरण विभाग से एनओसी मिलने की खबर है, जबकि अन्य के आवेदन लंबित बताए जा रहे हैं।

खदानों पर लगा प्रतिबंध कल से हटेगा

रेत खदानों में एनजीटी द्वारा लगा प्रतिबंध 10 अक्टूबर को हट जाएगा। इसके बाद खदानों में दोबारा उत्खनन का कार्य शुरू हो जाएगा। हालांकि जिले में कुल कितनी खदानें वैध रूप से संचालित होगी, इसे लेकर विभाग से भी स्पष्ट तथा अधिकृत रूप से जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे अवैध उत्खनन-परिवहन की संभावना बनी हुई है।

कार्रवाई करने पहुंची खनिज टीम को ग्रामीणों ने घेरा

सूत्रों से पता चला है कि करमंदी हरदीडीह आरंग में अवैध उत्खनन पर 3 दिन पूर्व कार्रवाई करते हुए खनिज एवं राजस्व विभाग की टीम ने खदान में गाड़ियों के जाने पर रोक लगाने के लिए रैम्प को खोद दिया था। इस कार्रवाई के बाद गुरुवार को जांच करने जब दोबारा विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वहां रेम्प को पाटकर दोबारा उत्खनन कर ट्रैक्टर से रेत का परिवहन किया जा रहा था, जिसे टीम ने जब रोकने का प्रयास किया तो 100 से 150 ग्रामीणों ने टीम को ही घेर लिया और धमकी देते हुए कार्रवाई का विरोध किया। ग्रामीणों की घेराबंदी से भयभीत टीम को कार्रवाई किए बिना लौटना पड़ा।

वाणिज्यिक कर विभाग में अफसर से निचले स्तर तक कर्मियों के थोक में तबादले

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शासन के निर्देश पर राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। अलग-अलग संवर्ग के कुल 164 अफसर-कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें राज्य कर संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राज्य कर अधिकारी, निरीक्षक और तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं।

■ शासन के निर्देश पर 164 अफसर-कर्मियों का स्थानांतरण

जारी तबादला आदेश में सबसे बड़ा फेरबदल सहायक आयुक्त संवर्ग में हुआ है। इस स्तर के 36 अधिकारियों की जिम्मेदारी बदली गई है। कई अधिकारियों को मुख्यालय से वृत्तों में भेजा गया है तो कई को बीआईयू और ऑडिट शाखाओं में नई जिम्मेदारी मिली है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ और दूसरे जिलों के वृत्तों में भी बदलाव हुआ है। 10 ज्वाइंट कमिश्नर का भी तबादला किया गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, नवा रायपुर और जगदलपुर संभाग में पदस्थ अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। कुछ अधिकारियों को अपील और ऑडिट शाखाओं में भेजा गया है, जबकि कुछ को मुख्यालय और संभागीय कार्यालयों की जिम्मेदारी दी गई है।

इसलिए बड़े पैमाने पर तबादला

थोक में तबादला आदेश जारी होने से स्टेट जीएसटी का कामकाज प्रभावित होगा। स्थानांतरण का सबसे ज्यादा प्रभाव बीआईयू, ऑडिट और अपील शाखाओं में पड़ेगा। थोक में तबादला आदेश जारी करने का एक बड़ा कारण टैक्स वसूली, जांच और लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करना है। बताया जा रहा है, थोक में स्थानांतरण आदेश जारी करने के लिए मुख्यमंत्री का समन्वय अनुमोदन भी प्राप्त किया गया है।

वर्गों के अनुसार तबादला सूची

- राज्य कर संयुक्त आयुक्त - 10 अधिकारी
- राज्य कर उपायुक्त - 13 अधिकारी
- राज्य कर सहायक आयुक्त - 36 अधिकारी
- राज्य कर अधिकारी - 28 अधिकारी
- राज्य कर निरीक्षक - 30 अधिकारी
- तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी - 47 कर्मचारी

एसआईआर में रायपुर में सबसे ज्यादा और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सबसे कम मतदाताओं के नाम कटे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मतदाता सूची में 11.8 प्रतिशत घट गई मतदाताओं की संख्या, अंतिम मतदाता सूची में 1.87 करोड़ मतदाता

छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची में 24 लाख 99 हजार 823 नाम कम हो गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 से घटकर 1 करोड़ 87 लाख 30 हजार 914 रह गई है। मतदाताओं की संख्या में करीब 11.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

जिलेवार आंकड़ों में रायपुर सबसे आगे है। यहां मतदाता सूची से 4 लाख 98 हजार 556 नाम कम हुए हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 3 लाख 34 हजार 516 और तीसरे स्थान पर दुर्ग है, जहां 2 लाख 7 हजार 660 नाम कम हुए। इन तीन जिलों में ही कुल कमी का बड़ा हिस्सा दर्ज किया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सबसे कम मतदाताओं के नाम कटे हैं। यहां मतदाता सूची में 9843 नाम कम हुए हैं।

इन जिलों में इतने मतदाता हुए कम

इसके अलावा कोरबा में 1 लाख 33 हजार 268, बलौदाबाजार में 1 लाख 8 हजार 616, महासमुंद में 89 हजार 549 और बेमेतरा में 76 हजार 733 नाम कम हुए। सरगुजा में 72 हजार 670, रायगढ़ में 71 हजार 974, जशपुर में 65 हजार 165 और सूरजपुर में 65 हजार 26 नाम कम हुए।बस्तर संभाग के जिलों में भी मतदाता सूची में कमी दर्ज की गई। बस्तर में 51 हजार 302, बीजापुर में 36 हजार 472, सुकमा में 30 हजार 521, कांकेर में 29 हजार 328, कोंडागांव में 23 हजार 360, दंतेवाड़ा में 22 हजार 148 और नारायणपुर में 17 हजार 613 नाम कम हुए।वहीं, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सबसे कम 9 हजार 843 नाम कम हुए। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 12 हजार 171, कोरिया में 14 हजार 419 और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 15 हजार 321 नाम कम हुए।



इन पांच जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी

जिलेवार आंकड़ों के अनुसार रायपुर में एसआईआर से पहले 18 लाख 92 हजार 523 मतदाता थे, जबकि अंतिम सूची में 13 लाख 93 हजार 967 मतदाता रह गए। इस तरह रायपुर में 4 लाख 98 हजार 556 की कमी दर्ज हुई। इसके बाद बिलासपुर में 3 लाख 34 हजार 516, दुर्ग में 2 लाख 7 हजार 660, कोरबा में 1 लाख 33 हजार 268 और बलौदाबाजार में 1 लाख 8 हजार 616 मतदाताओं की कमी हुई। इन पांच जिलों में ही कुल 12 लाख 82 हजार 616 मतदाताओं की कमी हुई, जो प्रदेश में हुई कुल कमी का करीब 51.3 प्रतिशत है। यानी एसआईआर के बाद मतदाताओं की संख्या में हुई कुल गिरावट का आधे से ज्यादा हिस्सा इन पांच जिलों से आया है।

बस्तर संभाग की मतदाता संख्या में भी आई कमी

दूसरी ओर, बस्तर संभाग के जिलों में भी मतदाता संख्या में कमी दर्ज हुई। बस्तर में 51,302, बीजापुर में 36,472, सुकमा में 30,521, कांकेर में 29,328, कोंडागांव में 23,360, दंतेवाड़ा में 22,148 और नारायणपुर में 17,613 मतदाताओं की कमी हुई।

निर्वाचन विभाग के अनुसार एसआईआर के दौरान बीएलओ ने घर-घर सर्वे कर मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं की पहचान की। कुल 2,12,30,737 मतदाताओं में से 1,84,95,920 के गणना प्रपत्र प्राप्त हुए और उनका डिजिटलीकरण किया गया।

19.13 लाख अनुपस्थित

हटाए गए नामों में 19 लाख 13 हजार 540 मतदाता अनुपस्थित या स्थानांतरित श्रेणी में दर्ज किए गए। वहीं, निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और 1,79,043 की पहचान दोहरे नामों के रूप में की गई। 1,84,95,920 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए थे। एसआईआर की अंतिम प्रक्रिया में दावे-आपत्तियों के बाद 2,34,994 नाम फिर जोड़े गए और आंता संख्या 1,87,30,914 रही।

6 लाख मतदाता मृत पाए गए

उल्लेखनीय है कि एसआईआर के दौरान छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से कट गए थे। एसआईआर के बाद करीब 24.99 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए थे। इनमें 6 लाख से ज्यादा मतदाता मृत पाए गए थे। एसआईआर के घर-घर सत्यापन के दौरान छत्तीसगढ़ में 6,42,234 मतदाता मृत पाए गए थे। यह कुल एसआईआर-पूर्व मतदाताओं का लगभग 3 प्रतिशत है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

रायपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ ड्यूटी के दौरान अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया उनमें 61 पुलिसकर्मी शामिल है।

पूर्वोत्तर रेलवे
रेलवे भर्ती सेल
रेलवे भर्ती सेल पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर वर्ष 2026–27 के लिए
स्काउट–गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती
रोजगार सूचना सं० एनईआर/आरआरसी/एसजी/2026–27 दिनांक: 06.10.2026

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय	07.10.2026 को 11:00 बजे
ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय	06.11.2026 को 18:00 बजे

वर्ष 2026–27 के लिए स्काउट–गाइड कोटा के अंतर्गत लेवल–2 (ग्रेड पे–1900) में ग्रुप 'सी' के 03 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे–02 पदों एवं बीएलडब्ल्यू/वाराणसी–01 पद) तथा लेवल–1 (ग्रेड पे–1800) में पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी' के 08 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर, लखनऊ एवं वाराणसी मण्डलों तथा बीएलडब्ल्यू/ वाराणसी, प्रत्येक में 02 पदों) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।
अध्यक्ष,
मुजाधि/आरआरसी–01 रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, सुकमा

क्रमांक/कार्य. अभि./सामा./2026-27/668 सुकमा दिनांक 08/10/2026

बिजली बंद की सूचना

"सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, आगामी दीपावली 2026 को ध्यान में रखते हुए (संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., सुकमा के अंतर्गत निम्नांकित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों/फिडरों / विद्युत लाईन का ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है । अतः निम्न दर्शाई गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है"।

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	फीडरों के नाम	दिनांक	प्रभावित क्षेत्र
1	33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र कुम्हाररास सुकमा	कन्या परिसर फीडर	10/10 /2026 शनिवार	आर.ई.एस. कालोनी, नवोदय विद्यालय, एकलव्य स्कुल, लाईवलीहुड कॉलेज, डी.पी.आर.सी., पावारास, शिव मंदिर रोड।
		कलेक्टर आफिस फीडर	10/10/2026 शनिवार	कलेक्ट्रेड, जिला चिकित्सालय, जिला पंचायत, 250 सीटर बालक छात्रावास
		ऑडिटोरियम फीडर	10/10/2026 शनिवार	पॉलिटेक्निक कालेज, ज्ञानोदय, केन्द्रीय विद्यालय
		कुम्हाररास फीडर	12/10/2026 सोमवार	कुम्हाररास, पुराना कुम्हाररास, नया पुलिस कालोनी ।
		झापरा फीडर	12/10/2026 सोमवार	झापरा, पुसपल्ली, बुड़दी, कोसाबंदर, भेलवापाल
2	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मस्तानपारा सुकमा	कलेक्टर बंगला फीडर	14/10/2026 बुधवार	पटनमपारा, देवी चौक, आवासपारा, प्रेमनगर, गांधीनगर, टेलीफोन एक्सचेंज, आर.ई.एस. कालोनी, शांतिनगर, फारेस्ट कालोनी
		माहेश्वरीपारा फीडर	14/10/2026 बुधवार	राठी मार्ट, बस स्टेण्ड बगीचापारा, माहेश्वरीपारा, लाईनपारा, शबरीनगर, नाकापारा, पी.एच.ई. फिल्टर प्लांट राजवाडा रोड ।
		मस्तानपारा फीडर	15/10/2026 गुरूवार	मस्तानपारा, इंदिरा कालोनी, पुराना सोढीपारा, जेल बाडी, श्रीनगर, नयापारा, पावारास रोड ।
		सम्राट नगर फीडर	16/10/2026 शुक्रवार	सम्राटनगर, पुलिसलाईन, पुसामीपारा, सुपनार, नया सोढीपारा
3	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मस्तानपारा		16/10/2026 शुक्रवार	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मस्तानपारा सुकमा से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर - मस्तानपारा फीडर, कलेक्टर बंगला फीडर, माहेश्वरीपारा फीडर, गोंगला फीडर, एवं मुर्रेपाल फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता ।
4	33 के.व्ही. कोंटा फीडर		16/10/2026 शुक्रवार	निरंक
5	33/11 केव्ही उपकेन्द्र कुम्हाररास		17/10/2026 शनिवार	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कुम्हाररास से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर कन्यापरिसर फीडर, कुम्हाररास फीडर, कलेक्टर आफिस फीडर, ऑडिटोरियम फीडर एवं झापरा फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता ।
6	33 के.व्ही. सुकमा फीडर		19/10/2026 सोमवार	निरंक
7	33 के.व्ही. कुम्हाररास फीडर		21/10/2026 बुधवार	निरंक
8	33 के.व्ही. केरलापाल फीडर		22/10/2026 गुरूवार	निरंक
9	33 के.व्ही. गादीरास फीडर		23/10/2026 शुक्रवार	प्रभावित गादीरास उपकेंद्र से निकलने वाली सभी फीडर
10	33 के.व्ही. दोरनापाल फीडर		24/10/2026 शनिवार	निरंक
11	33 के.व्ही. कोंटा नया फीडर		27/10/2026 मंगलवार	निरंक
12	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र छिन्दगढ़	छिन्दगढ़ फीडर	10/10/2026 शनिवार	छिन्दगढ़, पिटट्रेपारा
		पम्प फीडर	11/10/2026 रविवार	चिपुरपाल, झिरलीखुटी, कांजीपानी, रेड्डीपाल
		पोन्दुम फीडर	12/10/2026 सोमवार	झिरलीखुटी, चिपुरपाल, चिकारास, रतिनाईकरास, हिकमीरास, पोन्दुम, चौपेल, मेसीरास, डुवाकीरास, अरकातोंग
		पाकेला फीडर	13/10/2026 मंगलवार	पाकेला, मंगीतोंग, बुटारास, द्वारीपारा, चिपुरपाल, बिरसठपाल, कोडरीकुसुम, सिलिकजोडी
		गुडरा फीडर	14/10/2026 बुधवार	बालाटिकरा, कोकरपाल, काकड़ीआमा, बारूपाटा, लोहण्डीपारा, कोतरा, पुजारीपाल, धोबनपाल, गुड़रा, रानीबहाल, गंजेनार
		रोकेल फीडर	15/10/2026 गुरूवार	बगुलाघाट, कांजीपानी, रोकेल, अन्दुमपाल, बेन्दरापानी, पतिनाईकरास, बारसेरास, उरमापाल, रेड्डीपाल
13	33 के.व्ही. पुसपाल इनकमिंग		16/10/2026 शुक्रवार	निरंक
14	33 के.व्ही. पुसपाल इनकमिंग		17/10/2026 शनिवार	निरंक
15	33 के.व्ही. कुकानार से छिन्दगढ़		18/10/2026 रविवार	निरंक
16	33 के.व्ही. छिन्दगढ़ से नेतानार		19/10/2026 सोमवार	निरंक

असुविधा के लिये खेद है ।

कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.),
संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. सुकमा

सीएम साय बोले- तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदलेगा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक के नाम परिवर्तन को लेकर उत्पन्न भ्रम के संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा है कि तेलीबांधा चौक का नाम नहीं बदला जा रहा है। न तो चौक के नाम में कोई परिवर्तन किया जा रहा है और न ही उसके मूल स्वरूप के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा, प्रदेश में 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के तहत विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इनमें रायपुर का तेलीबांधा चौक भी शामिल है। उन्होंने कहा, इसे लेकर किसी को भी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, तेलीबांधा चौक का नाम यथावत रहेगा। यह केवल 'सेवा ज्योति संकल्प' की भावना के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

अपना विश्वास खो चुकी है कांग्रेस

कांग्रेस के ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और ईवीएम के विरोध को लेकर सीएम ने कहा, कांग्रेस अपना विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस सिकुड़ती जा रही है। जब चुनाव हारते हैं तो ईवीएम और चुनाव आयोग पर ठीकरा फोड़ते हैं, लेकिन जब उन्हीं के सांसद और विधायक उसी ईवीएम से जीत जाते हैं, तब कोई सवाल नहीं उठाते।

धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कार्रवाई

धर्मांतरण को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रदेश में अवैध तरीके से धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाए गए हैं। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नाना पाटेकर अच्छे कलाकार

साथ हर नाना पाटेकर के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नाना पाटेकर हमारे बीच नहीं रहे। वे हमारे देश के अच्छे कलाकार थे, उनका अभिनय हमें पसंद आता था। फिल्म जगत के लिए यह अपूरणीय क्षति है।

निर्माणाधीन मकान से बिजली सामान चोरी

रायपुर। पचपेड़ी नाका स्थित त्रिवेणी विहार के एक निर्माणाधीन मकान से बिजली सामान चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित चार लड़कों को टिकरापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने पीयूष शर्मा की शिकायत पर पुरानी बस्ती निवासी निर्मल कुमार शाह तथा संतोषी नगर निवासी इजहार अहमद उर्फ बच्चा तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है।

कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्र./.870./प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पं./राहौद/2026 राहौद, दिनांक 08.10.2026

:: दावा / आपत्ति आमंत्रण सूचना ::

एतद्, द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्र/14799 दिनांक 15.10.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (सबके लिए आवास मिशन बीएलसी घटक) अंतर्गत नवीन आवास के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है। निकाय अंतर्गत उपरोक्त संबंध में ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था। जिसका पंचम चरण में डी.पी.आर. हेतु 24 पात्र हितग्राहियों का प्रस्ताव प्रेषित किए जाने हेतु दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है। शेष हितग्राहियों से सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किये जा रहे है। पात्र हितग्राहियों का सूची नगर पंचायत राहौद कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जिसमें भूमि स्वयं की अथवा पट्टाधारी होने के संबंध में दिनांक 14.10..2026 को समय दोपहर 03:00 बजे तक दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः निर्धारित समयावधि में नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर लिखित में आवश्यक दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सो सूचना जाने।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत राहौद

Public Notice

Ford India Private Limited ("Ford") Registered Office: S.P. Koil Post, Chengalpattu, Kancheepuram, Tamil Nadu – 603204 CIN No. (U34103TN2000PTC045537) **Ford** wishes to inform its esteemed customer and public that **"Auto Centre"** (with trade name **Auto Centre Ford – Raigarh**) having its registered office at **225 C A J C ROAD, KOLKATA, West Bengal, India, 700020** service facilities located at **Kharsia Road Raigarh Chhattisgarh 496001** is no longer a **Ford** authorized service dealer with effect from **1st October 2026.**

Customers should not approach this dealer for any service, purchase or other related activity whatsoever in nature, pertaining to Ford products or services. **Ford** will not be liable or responsible for any dealings made by any person with **Auto Centre Ford – Raigarh** for any reason whatsoever. **Ford's** customers of the said dealer will continue to avail services from other **Ford** authorized service dealers and will continue to receive the assured quality and standard of services Ford is admired for. In case you have any concerns, please reach out to

Ford India Pvt Ltd: Customer Care No. 1800 419 2500, Customer Care Email:custmail@ford.com

Ford
www.india.ford.com

टीसीएस का दूसरी तिमाही में लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा



मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में 12,075 करोड़ रुपये और अप्रैल-जून तिमाही में 13,349 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

प्याज, एलपीजी के दाम चढ़ने से शाकाहारी थाली हुई महंगी

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्याज, खाद्य तेल, चावल और रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) के दाम बढ़ने से सितंबर में घर में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल की मासिक 'रोटी राइस रेट' रिपोर्ट के अनुसार, ब्रॉयलर की कीमतों में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि के कारण मांसाहारी थाली की लागत छह प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में शाकाहारी थाली तैयार करने की लागत बढ़कर 30.8 रुपये हो गई, जो एक साल पहले 28.1 रुपये थी।

- वेज थाली की लागत सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़ी

क्रिसिल की मासिक रोटी राइस रेट रिपोर्ट जारी

प्याज में और तेज वृद्धि की संभावना

क्रिसिल ने कहा, /"अक्टूबर के पहले पखवाड़े में प्याज की कीमतों में सालाना आधार पर और तेज वृद्धि होने की संभावना है। त्योहारी मौसम की मांग से आपूर्ति पर दबाव बढ़ेगा। महीने के अंत तक खरीफ की ताजा आवक बाजार में आने के साथ कीमतों में धीरे-धीरे नरमी आने की संभावना है।/"



चावल की कीमतें आठ फीसदी बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया कि कम रकबे और कमजोर पैदावार के कारण धान का उत्पादन पांच-छह प्रतिशत घटने की आशंका के बीच चावल की कीमतें सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ीं। मांसाहारी थाली की लागत में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई क्योंकि थाली की लागत में करीब आधा योगदान देने वाले ब्रॉयलर के दाम सालाना आधार पर केवल दो प्रतिशत बढ़े।

खाद्य तेल 12 प्रतिशत हुआ महंगा

पाम तेल पर मूल सीमा शुल्क कम होने के बावजूद खाद्य तेल की कीमतें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ीं। इसका कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं और वैश्विक पाम तेल उत्पादन पर अल नीनो के असर को लेकर चिंता है।

मांसाहारी थाली तीन फीसदी हुई महंगी

इसी तरह, मांसाहारी थाली की लागत 56 रुपये से बढ़कर 59.5 रुपये हो गई। मासिक आधार पर सितंबर में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत में क्रमशः चार प्रतिशत और तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई।

प्याज की कीमत सालाना आधार पर 89 फीसदी बढ़ी

कोन्टा रेंज के अंतर्गत पिड़मेल, डब्बाकोंटा, कोलाईगुड़ा और एलार्मडगु कैंपों में संधारित अनसर्विसिबल एवं शेष बचे विस्फोटकों के सुरक्षित विनष्टीकरण के लिए जगदलपुर से एम्युनिशन टेक्नीशियन टीम (एटीटी) 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के एलार्मडगु कैंप पहुंची थी। निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत टीम द्वारा कैंप से लगभग 200 मीटर दूर बोदराजपदर नाला के समीप विस्फोटकों के विनष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान विनष्टीकरण की प्रक्रिया के बीच अचानक एक विस्फोटक का अंश अथवा बम उछलकर पास के क्षेत्र में जा गिरा और वहां जोरदार ब्लास्ट हो गया। अचानक हुए विस्फोट की चपेट में सुरक्षा ड्यूटी एवं विनष्टीकरण प्रक्रिया में लगे चार जवान आ गए। हादसे में एटीटी टीम के एएसआई एमके तिवारी और 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के एएसआई अनीश खान को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं एटीटी टीम के निरीक्षक अमरनाथ मिश्रा तथा 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के प्रधान आरक्षक कुलदीप राज को सामान्य चोटें आई हैं। घटना के तत्काल बाद मौके पर मौजूद जवानों ने घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया और बिना देरी किए सभी चारों घायलों को शासकीय अस्पताल कोन्टा पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों जवानों की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

अगले दो-तीन महीनों तक जमा पर ब्याज दर बढ़ने की संभावना नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी उपलब्ध होने के कारण अगले दो-तीन माह में जमा दरों में बढ़ोतरी की संभावना नहीं दिख रही है।



- एसबीआई के चेयरमैन शेट्टी ने जताई संभावना
- बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी उपलब्ध

इसके साथ ही, शेट्टी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में बढ़ोतरी से बैंकों के शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को अगले दो-तीन तिमाहियों तक फायदा मिल सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इसके अलावा मौद्रिक रुख को भी बदलकर 'सोच-समझकर सख्ती' वाला कर दिया गया है। आरबीआई की इस घोषणा के बारे में पूछे जाने पर शेट्टी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरा मानना है कि अगले दो-तीन महीनों में बैंक जमा पर दरों में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी मौजूद है।'हालांकि, उन्होंने कहा कि यदि ऋण वृद्धि मौजूदा ऊंचे स्तर पर जारी रहती है, तो कुछ बैंकों को कर्ज देने के लिए धन जुटाने को जमा दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई की स्थिति में जमाकर्ताओं को कुछ हद तक सकारात्मक वास्तविक ब्याज दर मिलना भी जरूरी है।

बैंकिंग प्रणाली में 50 फीसदी ऋण बाहरी मानक से जुड़ा

चेयरमैन ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में 50 प्रतिशत से अधिक ऋण बाहरी मानक से जुड़ी ऋण दर से संबद्ध हैं और आरबीआई की रेपो दर में बदलाव के अनुरूप इनकी दरों में भी बदलाव होता है। शेट्टी ने भरोसा जताया कि एसबीआई अपने कर्ज पोर्टफोलियो में 14-15 प्रतिशत की वृद्धि बनाए रखने में सक्षम होगा।

दो या तीन चरणों में 0.75 फीसदी की दर से होगी बढ़ोतरी

एनआईएम के बारे में पूछे जाने पर शेट्टी ने कहा, ''अगली दो-तीन तिमाहियों में दर बढ़ोतरी के फैसले का एनआईएम पर सकारात्मक असर होगा। बाजार को उम्मीद है कि दो या तीन चरणों में कुल 0.75 प्रतिशत अंक की दर बढ़ोतरी होगी। मेरा मानना है कि एनआईएम को यह लाभ दो-तीन तिमाहियों तक मिलेगा।''

ऋण वृद्धि दर अधिक होगी चाहिए

शेट्टी ने कहा कि एसबीआई में ऋण वृद्धि दर मौजूदा कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर से दो-तीन प्रतिशत अधिक होनी चाहिए।

रुपया 13 पैसे टूटकर 96.88 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 96.88 प्रति डॉलर पर रहा। वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों समेत लगातार बने व्यापक आर्थिक दबाव के कारण रुपये में गिरावट आई। डॉलर सूचकांक कई महीनों के उच्चस्तर के करीब कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट कच्चा तेल करीब 104 डॉलर प्रति बैरल पर था। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिला।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified Power Station)

TENDER NOTICE NO.-3273/26

Bids are invited by the undersigned from Experienced Firms/Contractor for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. N.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/Time of submission of bid	E.M.D. (Rs)	Tender Cost (Rs)
1.	16-06/ DSPM TPS/S&P/T-3354/ 26	8100054679	Hiring of Vehicle (Car) for Addl.CE(S&P) at DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East) along with fuel, lubricants, wages of driver, vehicle maintenance etc.	As per schedule	27.10.2026 up to 15:30 Hrs.	5,200/-	590/- (including GST@18%)

NOTES:-For More detail, please visit our website at: -https://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.
SUPRINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST
SAVE ELECTRICITY

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़
प्रथम तल, खण्ड-सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर फोन नम्बर- 0771-2331385, फैक्स नम्बर-0771-2445215
Email Id- cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक/ESTB-101/207/2025/194
नवा रायपुर, दिनांक 08 .10 .2026

संक्षिप्त विज्ञापन (शुद्धि पत्र)

सहायक शिक्षक भर्ती 2026

(1) राज्य की शासकीय शालाओं (ई एवं टी-संवर्ग) में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट पर दिनांक 24 .07 .2026 को विस्तृत विज्ञापन जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 24 .07 .2026 से 21 .08 .2026 तक आमंत्रित किये गये थे। (2) उक्त विस्तृत विज्ञापन में ''कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में छ.ग. के स्थानीय निवासी दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पद'' का छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 13-4/2019/आ.प्र./1-3, दिनांक 05 .03 .2019 के अनुसार श्रेणीवार वितरण जारी करने विषयक शुद्धि पत्र छ.ग. कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर जारी किया जा रहा है। (3) छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट पर दिनांक 24 .07 .2026 को जारी सहायक शिक्षक के विस्तृत विज्ञापन की शेष समस्त शर्तें/कण्डिकाएं यथावत रहेंगी।

संचालक
लोक शिक्षण, छत्तीसगढ़
जी-262703861/1

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सर्भा प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS
साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली **केंदवा मलहम**
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि **Classified**
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- Evince pub Publishing, कोनी (बिलासपुर) में बुक पब्लिशिंग हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (लड़के/लड़कियाँ) चाहिए। MS Word, Excel एवं Canva का ज्ञान आवश्यक। संपर्कः 6260711728, 91718 10321 (42037)

आवश्यकता है- होटल में रोटी बनाने वाले, फ्राइपन मिस्त्री, वेटर, हेल्फर, कैप्टन, टेबल सफाई, काउंटर स्टाफ चाहिए वेतन योग्यता अनुसार रहने खाने की व्यवस्था सम्पर्क करें पाण्डेय स्वीट्स अशोक नगर बिलासपुर 99077 48408 (42056)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज रोप सेन्टर पंजाब आयरन के सामने गोल बाजार बिलासपुर 8817867673 (42054)

आवश्यकता है- स्कूल में साफ सफाई, अन्य काम करने हेतु (सुबह 10बजे से 6बजे) पुरुष या महिला चाहिए वेतन 9000/- आवास सुविधा सम्पर्क करें- पंचवटी केपीएसए स्कूल राजकिशोर नगर बिलासपुर 9752583075, 8109728526 (42053)

आवश्यकता है-हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल में अंग्रेजी पढ़ाने हेतु शिक्षिका चाहिए। योग्यता एमए इंग्लिश वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- न्यूमॉडर्न हाईस्कूल, अशोक नगर, सीपत रोड बिलासपुर 7974501459, 79878 08398 (42026)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 88188 77406, 9644433021, 07752-337082 (42029)

आवश्यकता है- बुटिक में काम करने एवं साड़ी कुर्ती समेटने के लिए लड़की की आवश्यकता है। समय सुबह 10बजे से शाम 8बजे तक स्थान तेलीपारा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9425535829 (42055)

आवश्यकता है- एकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे टैली एकाउंट की जानकारी हो वेतन योग्यता अनुसार पता- मेसर्स अभिनव इंफ्राटेक, महामाया बीएड कॉलेज के सामने अर्चना विहार रोड नेहरू नगर बिलासपुर 7610588889, 7049288889 (42052)

आवश्यकता है- फुल टाइम एकाउंटेंट चाहिए जिसे Tally Prime में काम करना आता हो, Invoice, Eway Bill बनाना आता हो। सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2, संजय अपार्टमेंट, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (42049)

आवश्यकता है-हार्डवेयर दुकान में मेहनती काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कमल हार्डवेयर एंड इलेक्ट्रीकल सीता देवी पेट्रोल पम्प के सामने शिवा हॉस्पिटल के बाजू में सीपत रोड मोपका बिलासपुर 90393 89998 (42036)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-भारती इलेक्ट्रिकल मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर 9425219674 (42031)

आवश्यकता है- कार ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें आकाश इंटरप्राईजेस व्यापार विहार बिलासपुर मो. 81039 01927 (42057)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य करने हेतु योग्य सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 11000 से शुरू (कृपया पूछताछ ना करें) सरकंडा तथा तिफरा वाले को प्राथमिकता। सम्पर्क करें-9981630084, 9425534940 (42027)

आवश्यकता है- क्लीनिक में कार्य हेतु नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, ड्राईवर, एकाउन्टेन्ट, सफाई कर्मचारी की। सम्पर्क करें- प्रातः 9 से 1बजे डॉ. हेनरी, ऊषा मेमोरियल स्किन, आई क्लीनिक शैफर स्कूल के पास, बिलासपुर (42035)

आवश्यकता है- बर्तन दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यतानुसार। (कॉल करें- सुबह 10 बजे से रात 9:30 बजे) सम्पर्क करें- M.B. मेटल, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 7869606425, 91794 13441 (42043)

आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु सिनियर कैप्टन, किचन हेल्पर, कैशियर, वेटर, बाई की आवश्यकता है सम्पर्क क रें - 7 9 8 7 7 6 6 9 8 8 (42030)

Requirment- Require Experience Two Medical Representative for Bilaspur H.Q. Contact- Vikas Medical Store Near Cims Bilaspur 98279 13277 (42045)

आवश्यकता है- सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर चाहिए जिसने होलसेल रेडीमेड दुकान, रिटेल रेडीमेड दुकान में काम किया हो। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- नवीन जींस, नयन फैशन पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर (42047)

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान मे साफ सफाई सामान पैकिंग कार्य करने के लिये लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुबेर स्टेशनरी डिस्ट्रीब्युटर्स खंपरगंज बिलासपुर 98933 32575 (42042)

आवश्यकता है- संजय बैग हाउस एसी शोरूम में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल सेल्स ब्वॉय एवं कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 (42050)

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष, शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास, वेतनः 20,000 प्रति माह तक सुविधाएंः रहने की व्यवस्था हैं स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करेंः- 9109972720, 9109222000 (090)

आवश्यकता है-स्वादिष्ट समोसा, आलू बड़ा, दाल बड़ा बनाने हेतु अनुभवी नाश्ता कारीगर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 सम्पर्क करें- वाराही रसोई, उपसरपंच चाय, विनोबा नगर मेन रोड, बिलासपुर 62634 38428 (42032)

आवश्यकता है-बिजली दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है बिजली कार्य जानकार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अरिहंत इलेक्ट्रीकल्स मेन रोड, कोन्हेर गार्डन के पास, तिलक नगर बिलासपुर 07752402359 (42022)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट ऑफिस में टेली कॉलिंग एवं सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव (Female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 (41950)

आवश्यकता है-फर्नीचर सेल्स मार्केटिंग हेतु मेहनती, जिम्मेदार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 प्रतिमाह अतिरिक्त आकर्षक कमीशन इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- आरके फर्नीटेक जोकीं बिलासपुर 9098909757 (42033)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य हेतु महिला, पुरुष तथा स्कूल में कार्य हेतु अनुभवी हिन्दी टाइपिस्ट एवं सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 91091 39971, 6260552527 (42040)

आवश्यकता है-100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली Righteous Limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 95840 00909, 8435803535, 7067084579 (20652)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने, पैकिंग डिलिवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। मिलें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34 मेडिकल कांप्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (42021)

आवश्यकता है-श्याम इंटरप्राइजेज में कुरियर स्कैनिंग और पैकिंग हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास, सरकंडा, बिलासपुर 92382 16900, 9074741377 (42034)

आवश्यकता है-घर में खाना बनाने हेतु महिला/ पुरुष चाहिए। कार्य समय दोपहर 12बजे से शाम 8बजे तक सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 99819 70853 (42008)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से 50 मीटर पूर्ण विकसित कॉलोनी में 1409 वर्गफुट आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 26 लाख में कैश में लेने वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7898855268 (42041)

बेचना है-बुधिया काम्प्लेक्स सरकंडा मेन रोड फेसिंग 10×24 की एक दुकान (240 वर्गफिट) स्टेट बैंक सरकंडा से लगी दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 9340094419 (42046)

बेचना है-यदुनन्दन नगर तिफरा में डायवर्टेड प्लाट, जमीन और 2BHK, 3BHK मकान अतिशीघ्र बेचना है। आपके बजट और आवश्यकता अनुसार सम्पर्क करें- कृत्या कंसल्टेन्सी बिलासपुर 98263 14444 (41999)

बेचना है- अमेरी अंडर ब्रिज के पहले सेन्ट फ्रांसिस स्कूल से लगा हुआ मकान और दुकान तीन मंजिला मकान बेचना है (40 हजार महीना किराया आता है) सम्पर्क करें- 6232871373, 78986 72268, 9827467863 (42051)

बेचना है-नगर निगम सीमा से मात्र 8km दूर गनियारी, बिलासपुर में डायवर्टेड प्लॉट 400/-, बिना डायवर्टेड प्लॉट 200/- 300/-, 350/- प्रति वर्गफुट फार्म हाउस के लिए, पहले आएं, पहले पाएं। सम्पर्क करें- 7898333307 78058 03607, 7805803607 (42017)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

किराया

किराया-ग्लैक्सी अपार्टमेन्ट, उस्लापुर ओव्हर ब्रिज के पास मेन रोड पर 2BHK Flat, 2nd Floor पर किराये से देना है सेमिफर्निश्ड किराया 14000/- शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 8827789588 (42044)

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

MedicareSpecialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025

नाना पाटेकर ने निशानेबाजी में जीते हैं कई राष्ट्रीय पदक, क्रिकेट के थे बड़े प्रशंसक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनको खेलों के प्रति गहरे लगाव के लिए भी याद किया जाता रहेगा। वह क्रिकेट के बड़े प्रशंसक थे। नाना ने एक बार बताया था कि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे और मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में बल्लेबाजों को नेट्स में गेंदबाजी किया करते थे। उन्होंने निशानेबाजी के कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। नाना पाटेकर को क्रिकेट का भी काफी शौक था। वे कैसे भी समय निकालकर क्रिकेट मैच देखा करते थे।

लंबे समय तक निशानेबाजी से जुड़े रहे नाना

निशानेबाजी में नाना की उपलब्धियों के चलते उन्हें 'रेनाउंड शॉट' का दर्जा मिला। इसके बाद उन्हें बिना शुल्क राइफल आयात करने की अनुमति भी मिली। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद भी इस खेल को जारी रखा और राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे। नाना लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से जुड़े रहे और इस खेल के प्रति लगन बनाए रखी।



फिल्म की तैयारी की निशानेबाजी बन गई जुनून

नाना के लिए फिल्म की तैयारी के तौर पर शुरू हुई निशानेबाजी धीरे-धीरे जीवनभर का जुनून बन गई। साल 2004 में इंदौर के बीएसएफ रेवती रेंज में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 300 मीटर बिग-बोर स्पर्धा में रजत पदक जीता था। इसके 3 साल बाद उन्होंने महाराष्ट्र की टीम के लिए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 600 में से 549 अंक बनाए और व्यक्तिगत वर्ग में 12वें स्थान पर रहे थे।

नाना निशानेबाजों की करते थे मदद

नाना उभरते हुए राइफल निशानेबाजों की भी मदद करते थे। वह उनके प्रशिक्षण, कारतूस और जरूरी उपकरणों पर आने वाले बड़े खर्च को पूरा करने में सहयोग करते थे। नाना राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजों के लिए बेहतर आर्थिक पुरस्कारों की भी वकालत करते थे।उनका मानना था कि ऐसे प्रोत्साहन खिलाड़ियों को अपने जुनून को जारी रखने में मदद करेंगे और निशानेबाजी में उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहारा देंगे।

प्रहार फिल्म से शुरू की निशानेबाजी की तैयारी

नाना ने बताया था कि निशानेबाजी में उनका सफर 40 की उम्र में शुरू हुआ। वह निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि बनकर जाते थे। इस दौरान उन्होंने कई तरह की बंदूकों पर हाथ आजमाया। उन्होंने बताया था कि वह बोतल के छोटे ढक्कन जैसे बेहद छोटे निशानों पर भी निशाना साधने लगे थे। 1991 की फिल्म 'प्रहार' की तैयारी के दौरान उन्होंने इसकी तैयारी शुरू की थी। उन्होंने भारतीय सेना से प्रशिक्षण लिया था।



खबर संक्षेप



अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया

सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इराक के खिलाफ पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड 14-0 की जीत में पांच गोल करने वाली अनुष्का (छठे और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर क्वालीफायर में अपने गोल की संख्या सात कर ली। इस जीत से भारत के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। अब ग्रुप ई में उसका आखिरी मुकाबला 11 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से होगा। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी।

धनंजय ने छोड़ी कप्तानी कुसल को श्रीलंका की कमान



कोलंबो। श्रीलंका के टेस्ट कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से टेस्ट कप्तान का पद छोड़ दिया जिसके बाद कुसल मेंडिस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला कप्तान के रूप में मेंडिस की पहली श्रृंखला होगी। मेंडिस पहले ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। श्रीलंका के लिए 31 वर्षीय मेंडिस ने 75 टेस्ट सहित कुल 343 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। कुसल मेंडिस की नियुक्ति का फैसला आज श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया।

होप्स, हाडिन पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ से हटे



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हाडिन ने अपना पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम ने अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ने हाल में पंजाब किंग्स के प्रबंधन को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन दोनों के पद छोड़ने की संभावना पहले से ही थी क्योंकि होप्स को क्वींसलैंड और ब्रिसबेन हीट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि हाडिन न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का कोच पद संभालेंगे। होप्स कुछ सत्र पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब किंग्स में शामिल हुए थे।

भारत बनाम वेस्टइंडीज: दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

सिंधू आर्कटिक ओपन में आगे बढ़ीं थारुन, तन्वी और श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया।

हैदराबाद की 31 वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को 21-15, 21-15 से हराया। सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से होगा।

इन खिलाड़ियों को झेलना पड़ी हार

हालांकि, थारुन मान्नेपल्ली और तन्वी शर्मा के लिए दिन निराशाजनक रहा और दोनों को अपने एकल मुकाबलों में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने मान्नेपल्ली को 21-14, 21-19 से हराया जबकि रतचानोक ने तन्वी को एकतरफा मुकाबले में 21-18, 21-7 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत भी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें कनाडा के ब्रायन यांग ने 21-15, 15-21, 21-13 से हराया।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश

नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरुष हॉकी में मेजबान भारत की नजरें एशियाई स्तर पर दबदबा कायम रखने पर लगी होंगी जबकि पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश को छह टीम को टूर्नामेंट में जगह दी गई है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश भाग लेंगे। पंजाब में लगभग दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के जरिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। जापान के आइची नागोया में हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी नहीं खेली गई है।

मोनांक के शतक से अमेरिका ने आईसीसी लीग 2 का खिताब जीता

डलास। कप्तान मोनांक पटेल के शानदार शतक की मदद से अमेरिका ने नामीबिया को चार विकेट से हराकर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 का खिताब जीता। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में मोनांक पटेल ने 108 रन बनाए जिससे अमेरिका ने नामीबिया के नौ विकेट पर 298 रन के बड़े स्कोर को बौना साबित करते हुए सात गेंद शेष रहते जीत हासिल की। मोनांक पटेल के अलावा स्मित पटेल ने तेज 50 रन और शेहान जयसूर्या ने 74 रन का योगदान दिया। नामीबिया की तरफ से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (76) ने सर्वाधिक रन बनाए। अमेरिका ने इस जीत से दो और अंक हासिल किए जिससे उसकी शीर्ष पर जगह पक्की हो गई।अमेरिका ने वनडे विश्व कप क्वालीफायर में अपनी जगह पहले ही पक्की कर ली है, जहां वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

रायपुर की किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन, रूस के खिलाफ दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की बेटी और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी की खिलाड़ी किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। अब वे रूस के खिलाफ होने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम में किरण का चयन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने किरण के माता-पिता, प्रशिक्षकों और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किरण भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

फुटबॉल अकादमी में रही महत्वपूर्ण भूमिका

किरण की इस उपलब्धि में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर स्थित बालिका फुटबॉल अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारा गया। कोच सरिता कुजूर के मार्गदर्शन में किरण के तकनीकी कौशल के साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता पर भी काम किया गया।



भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी किरण

भारतीय टीम में किरण की यह वापसी भी है। इससे पहले वे 2022 में नेपाल में आयोजित एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत रूस के खिलाफ दो मुकाबलों के लिए उनका चयन हुआ है। पहला मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे और दूसरा 11 अक्टूबर को कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने भी किरण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बालिका खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश ने किया खुलासा

रणजी से पहले विकेटकीपिंग कर रहे जायसवाल...?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं। वह मुंबई क्रिकेट टीम में चुने गए हैं। इस बीच खबर है कि जायसवाल रणजी ट्रॉफी सीजन की तैयारी के दौरान विकेटकीपिंग का अभ्यास भी कर रहे हैं।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने भी जायसवाल की विकेटकीपिंग करने की पुष्टि की है। वहीं मुंबई की टीम में सूर्यकुमार यादव शुरुआती मुकाबलो के लिए नहीं चुने गए हैं। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान जैसे अनुभवी और स्थापित वरिष्ठ खिलाड़ियों को दरकिनार करते हुए सीधे 19 वर्षीय आयुष म्हात्रे को उपकप्तान बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



यशस्वी टीम के लिए उपयोगी हैं : सिद्धेश

रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए मुंबई की टीम में शार्दुल ठाकुर नहीं हैं। वहीं, अजिंक्य रहाणे भी संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में जायसवाल टीम के अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनसे मुंबई को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। लाड ने उनकी उपयोगिता को लेकर आगे कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी सिर्फ पहले मैच के लिए उपलब्ध हैं। यशस्वी जैसे खिलाड़ी सिर्फ अच्छा प्रदर्शन ही नहीं करते, बल्कि अपने अनुभव से टीम की वैल्यू भी बढ़ाते हैं।

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम

मुंबई की टीमः सिद्धेश लाड (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आयुष म्हात्रे (उपकप्तान), दिव्यांश सक्सेना, मुशीर खान, सरफराज खान, सुवेद पारकर, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, अथर्व अंकोलेकर, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डीसूजा, ओंकार तरमले।

यशस्वी विकेटकीपिंग करना चाहते हैं : लाड

मुंबई को अपने पहले मैच में 11 अक्टूबर चंडीगढ़ से भिड़ना है। इस मैच से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लाड ने कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी विकेटकीपिंग शुरू करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। वह मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। उनका मकसद यही है, मुझे ऐसा ही लगता है, लेकिन इस बारे में मुझे कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

जायसवाल ने 10 ओवर विकेटकीपिंग भी की

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणजी ट्रॉफी से पहले मुंबई के एक अभ्यास मैच के दौरान जायसवाल ने लगभग 10 ओवर तक विकेटकीपिंग भी की है। लाड ने कहा, उन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं। मुझे पक्का नहीं पता कि उनका इरादा क्या है, लेकिन अभी वह विकेटकीपिंग का अभ्यास कर रहे हैं और अगर वह ऐसा करते रहे, तो उन्हें इसकी आदत हो जाएगी।

नींद की कमी से जूझ रहे जापान में सोने का कंपटीशन

टोक्यो। जापान के लोग दुनिया में एक से बढ़कर एक हटके काम करते हैं। वे काफी मेहनत और एक्टिव लोग माने जाते हैं। पर जापान के बारे में एक सच्चाई यह भी है कि वहां के लोग काफी कम नींद लेते हैं। जापान दुनिया में नींद की कमी जूझ रहे देशों में से एक है। ऐसे में लोगों को जरूरी नींद पूरा करने को प्रोत्साहित करने के लिए जापान के टोक्यो में 05 अक्टूबर को सबसे जल्दी और गहरी नींद का कंपटीशन आयोजित किया गया। जिसमें विजेता को करीब 14 लाख रुपए का इनाम दिया गया है।

मैट्रेस कंपनी ने आयोजित किया कंपटीशन

इस कंपटीशन में काफी लोगों ने हिस्सा लिया। इसे जापान की एक मैट्रेस कंपनी ने आयोजित किया था। कंपनी ने पैमाना तय किया था कि जो सबसे जल्दी और गहरी नींद लेगा। इसे विजेता घोषित किया जाएगा. टोक्यो में हुई प्रतियोगिता को 'मैट रेस' नाम दिया गया था। इसमें दर्जनों ने लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले लोगों को स्लीप ट्रैकिंग डिवाइस पहनाए गए थे। इस दौरान उनको लेटने के लिए कंफर्टेबल मैट्रेस दी गई।

जो सबसे गहरी नींद में सोया उसे मिला बड़ा इनाम



विजेता को मिला करीब 14 लाख रुपए

जिस पर 90 मिनट तक सोने को कहा गया। इस दौरान जो सबसे जल्दी व सबसे गहरी नींद में सोया और कंपटीशन जीता, उसे 20 लाख येन (14000 डॉलर) मतलब करीब 14 लाख रुपए इनाम के तौर पर दिया गया। मैट्रेस कंपनी 'कोआला स्लीप जापान' के क्रिएटिव डायरेक्टर रीइचिरो नाकामा ने बताया कि जापान को अक्सर नींद की कमी से जूझने वाला देश कहा जाता है और यहां के लोग बहुत मेहनती होते हैं। कम रोशनी वाले कमरे में लोग सिर पर मॉनिटर लगाकर सोए, कुछ लोगों ने बिस्तर पर स्टफ्ड टॉय (खिलौने) भी रखे हुए थे।

कंपटीशन का कौन रहा विजेता

ओईसीडी के 2021 के आंकड़े के अनुसार, जापानी लोग रोजाना औसतन 7 घंटे 24 मिनट सोते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि काम के लंबे घंटे, आने-जाने में लगने वाला समय और व्यस्त नाइटलाइफ़ इकॉनमी इसके मुख्य कारण हैं। एएफपी के अनुसार, 32 साल की प्रतिभागी चिसातो होंडा ने बताया कि यह पलक झपकते ही खत्म हो गया। काश मैं थोड़ी देर और सो पाती. यह एक खुशनुमा मुकाबला था। मुकाबले की विजेता सुइमी ने कहा कि मैं अकेले रहना चाहती हूं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं इस पैसे का इस्तेमाल घर बदलने के खर्च के लिए करूंगी। मुझे राजकुमारी जैसा बिस्तर भी चाहिए, इसलिए मुझे लगता है कि मैं वही बिस्तर खरीदूंगी।

दुनिया पर मंडरा रहा एक और नया खतरा, भविष्यवक्ता ने दी चेतावनी

लंदन। खुद को 'प्रलय का भविष्यवक्ता' कहने वाले एक ब्रिटिश भविष्यवक्ता की भविष्यवाणी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। रूस की एक सीक्रेट लैब में काम करने वाली 28 साल की युवा वैज्ञानिक डार्या शिपिलोवा की संदिग्ध मौत से ठीक कुछ दिन पहले इस भविष्यवक्ता ने एक नई और जानलेवा महामारी आने का बड़ा दावा किया था। लोग अब इस मौत को उसी चेतावनी से जोड़कर देख रहे हैं। यूके के रहने वाले क्रेग हैमिल्टन-पार्कर पहले भी कोरोना महामारी और महारानी एलिजाबेथ की मौत की सटीक भविष्यवाणी का दावा कर चुके हैं।



दुनिया की वो अनोखी कॉलोनी, जहां 500 सालों से नहीं बढ़ा 1 रुपए भी किराया

बर्लिन। आज के दौर में जहां महंगाई आसमान छू रही है और बड़े शहरों में एक छोटा सा कमरा किराए पर लेने के लिए जेब खाली हो जाती है, वहीं इस दुनिया में एक ऐसी जगह भी मौजूद है, जहां पिछले 500 सालों से किराए में एक पैसे की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। जब हम यूरोप के महंगे देशों की बात करते हैं, तो दिमाग में आलीशान लाइफस्टाइल और भारी-भरकम खर्चों का ख्याल आता है। लेकिन, जर्मनी के बावारिया राज्य के ऐतिहासिक शहर ऑग्सबर्ग में एक ऐसी जादुई और रहस्यमयी सोसाइटी बसी है, जिसका नाम फुगेराई है। इसे दुनिया का सबसे पहला और सबसे पुराना सोशल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स माना जाता है। 16वीं शताब्दी से लेकर आज 21वीं सदी तक, इस सोसाइटी में रहने वाले लोग साल भर का किराया महज 1 राइनीशर गुल्डेन देते हैं, जो आज के समय में महज 80 से 85 रुपए के बराबर है।

रहने के लिए माननी पड़ती हैं 3 शर्तें



कैथोलिक होना है अनिवार्य

जैकब फुगर एक धार्मिक कैथोलिक इंसान थे। उन्होंने इस परिसर को उन मेहनती, ईमानदार, लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़े कैथोलिक नागरिकों के लिए बनवाया था, जो अपनी किसी गलती के बिना गरीबी का शिकार हो गए थे। उन्होंने नियम बनाया कि इस जगह का किराया कभी नहीं बदलेगा और 500 सालों के लंबे अंतराल के बाद भी उनके वंशज इस नियम का पूरी निष्ठा से पालन कर रहे हैं। हालांकि, फुगर के जमाने में भी यह किराया महज एक प्रतीकात्मक शुल्क था। इसके बदले में संस्थापक की केवल एक ही शर्त थी कि यहां रहने वाला हर निवासी दिन में तीन बार जैकब फुगर और उनके परिवार के लिए प्रार्थना करेगा। आज भी फुगेराई में रहने के लिए वही 500 साल पुराने तीनों नियम लागू है।

वास्तुकला और इतिहास का एक बेजोड़ नमूना

फुगेराई परिसर वास्तुकला और इतिहास का एक बेजोड़ नमूना है। यह पूरी कॉलोनी एक ऊंची दीवार से घिरी हुई है, जिसके मुख्य द्वारों को रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह बंद कर दिया जाता है। इस समय के बाद केवल यहां के निवासी ही अंदर आ या जा सकते हैं।





अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289923359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com